.वर्ष 13, अंक 203
गैरसैंण
सोमवार
28 नवम्बर 2022
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मिनी ट्रक व कार की टक्कर में तीन की मौत

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में बीती देर रात एक अनियंत्रित मिनी ट्रक और कार की भिड़तं हो गई। हादसे एक बच्ची समेत उसके माता-पिता की घटनास्थल मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोगो को चिंताजनक हालत मे अस्पताल मे भर्ती कराया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि नोएडा निवासी कार सवार पांच लोग हरिद्वार से नोएडा वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नई मंडी कोतवाली थाना क्षेत्र के रेथड़ी बाईपास पर एक अनियंत्रित मिनी ट्रक रोड डिवाइडर तोड़ के विपरित दिशा से आ रही एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

नई मंडी कोतवाली थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना में घटनास्थल पर ही दो वर्षीय बच्ची और उसके माता-पिता की मौत हो गई। जबकि 2 अन्य लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डक्टरो ने दोनों की चिंताजनक हालत देख मेरठ रेफर कर दिया गया।

मृतकों की पहचान अशीष अवस्थी, नूपुर अवस्थी और दो वर्षीय बच्ची कासमी के रूप में की गई है। जबकि घायलों की पहचान दीपक और रत्ना त्रिपाठी के रूप में हुई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

एसएचओ ने कहा पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और मिनी ट्रक को कब्जे मे लिया है। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

## दो गुटों के बीच हुई मारपीट में छात्र की मौत

**लखनऊ,(एजेंसी)।** दो गुटों में हुई मारपीट में लखनऊ पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 के एक छात्र की मौत हो गई। यह घटना गोमती नगर के विनमरा खंड इलाके में परिसर के बाहर छात्रों के दो समूहों के बीच हुई मारपीट के दौरान हुई। यह जानकारी पुलिस ने दी है। डीसीपी (पूर्व) प्राची सिंह ने कहा कि अंश तिवारी नाम का लड़का दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान बेहोश हो गया। उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने कहा, छात्र के शरीर पर कोई बड़ी चोट नहीं दिख रही थी और यह भी स्पष्ट नहीं है कि उसकी मौत कैसे हुई। शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन इस संबंध में लड़के के परिवार से संपर्क किया गया है। डीसीपी ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। एलपीएस अधिकारियों ने पुष्टि की कि अंश तिवारी उनके स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था, लेकिन 22 नवंबर से स्कूल नहीं आ रहा था।स्कूल के संस्थापक प्रबंधक एसपी सिंह ने कहा कि लड़का खेल में अच्छा था लेकिन पढ़ाई में औसत था।

## शादी से मना करने पर सिरफिरे ने गोली मारकर की हत्या

**मेरठ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के राज्य परिवहन विभाग में कार्यरत एक महिला क्लर्क ने शादी से इन्कार कर दिया तो हताश प्रेमी ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। यह घटना 11 नवंबर को हुई थी। लेकिन शव दो हफ्ते बाद बरामद किया गया था।

### गुजरात के खेड़ा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# पार्टी सर्जिकल स्ट्राइक पर उठाती है सवाल

**खेड़ा, एजेंसी।** आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटी है। रविवार को गुजरात के खेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा कि गुजरात लंबे समय से आतंकवाद के निशाने पर रहा है।



पीएम मोदी ने आगे कहा, शगुजरात के लोग सूरत और अहमदाबाद में विस्फोटों में मारे गए। तब कांग्रेस केंद्र में थी। पीएम मोदी ने दिल्ली में हुए बाटला हाउस एनकाउंटर का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता आतंकियों के समर्थन में रो पड़े थे। आतंकवाद भी कांग्रेस के लिए वोट बैंक है। अब सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, ऐसी कई पार्टियां उठ खड़ी हुई हैं, जो शर्टकट और तुष्टीकरण की राजनीति में यकीन रखती हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि साल 2014 में आपके एक वोट ने देश में आतंकवाद को खत्म करने में बहुत अंतर पैदा किया है। देश के शहरों की तो बात ही छोड़िए, आतंकवादियों को हमारी सीमाओं पर हमला करने से पहले भी बहुत कुछ सोचना पड़ता है। लेकिन कांग्रेस हमारी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है। जानकारी के मुताबिक, गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को कच्छ के अंजार, जामनगर के गोरधनपुर, भावनगर के पलिताना, जामनगर के गोरधनपुर और राजकोट में रैलियों को संबोधित कर सकते हैं।

## चमोली में आबादी में दिख रहे गुलदार

**चमोली।** गुलदार अब आबादी वाले इलाकों आ धमके हैं। गोपेश्वर के पोखरी बैंड इलाके, महाविद्यालय गोपेश्वर के आसपास, नैग्वाड़ और बंज्याणी सहित अन्य इलाकों में गुलदार की दहशत बनी हुई है।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कहीं जोड़ों में तो कहीं अकेले ही गुलदार खुले आम रिहायशी इलाकों में देखे जा रहे हैं। मार्निंग वाक पर चल रहे लोगों को भी गुलदार दिखे। कहीं घर के आंगन में तक गुलदार दिखे।

गुलदारों के आबादी में आने जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने गश्त की। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह ल कलेज कलोनी में गुलदार दिखाई दिया। गुलदार के आशादीप इलाके में आने की सूचना मिलने पर रेंजर बलवीर सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गश्त की।

# देश का उतना नुकसान चीन की सेना नहीं कर सकती, जितना जीएसटी और नोटबंदी ने कर दिया: राहुल

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा का रविवार को पांचवां दिन था। यात्रा ने इंदौर में प्रवेश किया। शाम को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजवाड़ा पर सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा।



राहुल ने कहा कि जो काम चीन के सेना नहीं कर सकती, वो काम जीएसटी और नोटबंदी ने किया। इन नीतियों का लक्ष्य छोटे व्यापारियों को खत्म करना था। इस वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ी। इन पलिसियों ने देश को कमजोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का काम ध्यान भटकाना है। हम बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दे उठाते हैं और भाजपा विराट की शतक, शाहरुख की एक्टिंग की बातें करती है।

राहुल ने कहा कि जिस सरकार को जनता ने चुना, उसमें से कुछ लोगों को जनता के पैसे से खरीद कर अपनी सरकार बना ली गई। यह भ्रष्टाचार नहीं तो क्या है।

राहुल ने अपने भाषण के दौरान कुछ देर के लिए अपना माइक बंद कर दिया। फिर चालू कर कहा कि संसद में जब भी हम जनता से जुड़े मुद्दे उठाते थे तो हमारा माइक ऐसे ही बंद कर दिया जाता था, इसलिए हम देश की आवाज सुनने सड़क पर निकले हैं।

राहुल ने इंदौर की सफाई की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मैं आठ घंटे इंदौर की सड़कों पर चला, यहां मुझे कचरा नहीं दिखा। इसके लिए शहर की जनता और सफाईकर्मी बधाई के हकदार है। यहां मुझे भाईचारा भी दिखा।पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार में अव्वल हो गया है। कोई उधोगपति यहां निवेश करना नहीं चाहता है।

विधातक जीतू पटवारी ने भी अपनी बात रखी। मंच पर विशाल पटेल, संजय शुक्ला, शोभा ओझा सहित अन्य नेता मौजूद थे। स्टेज पर जाने के लिए जिस तरफ वीवीआईपी की एंट्री थी। राहुल उधर से जाने के बजाय सामने की तरफ से मंच की तरफ चले गए, लेकिन वहां सीढ़ी नहीं थी। नेताओं ने राहुल का हाथ पकड़कर खींचा और वे मंच पर चढ़े।

# बदरीनाथ धाम में 12 साधु-संतों को मिली निवास की अनुमति

**गोपेश्वर (चमोली) ।** जोशीमठ तहसील प्रशासन को 33 साधु-संतों ने धाम में तपस्या करने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 12 साधु-संतों की मेडिकल व आवेदन की रिपोर्ट सही पाए जाने पर धाम में रहने की अनुमति दी गई है। धाम के कपाट 19 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

जोशीमठ तहसील प्रशासन ने अभी तक 12 साधु-संतों को शीतकाल में बदरीनाथ धाम में निवास करने की अनुमति दी है। इस दौरा साधु-संत धाम में तपस्या करते हैं। प्रशासन की अनुमति के बाद ही साधुओं को धाम में रहने की अनुमति दी जाती है।

इस बार बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे। जोशीमठ तहसील प्रशासन को 33 साधु-संतों ने धाम में तपस्या करने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 12 साधु-संतों की मेडिकल व आवेदन की रिपोर्ट सही पाए जाने पर धाम में रहने की अनुमति दी गई है।

जोशीमठ की एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि मेडिकल और अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच के उपरांत अभी तक 12 साधु संतों को धाम में रहने की अनुमति दी गई है। अन्य आवदेनों की भी जांच की जा रही है।

# गौचर व चिन्यालीसौड़ के लिए जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं की मजबूती पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि चिन्यालीसौड़ व गौचर से छोटे एयरक्राफ्ट की सेवाओं की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गौचर व चिन्यालीसौड़ के लिए हवाई सेवा जल्द शुरू की जाएगी। उड़ान योजना के अगले टेंडर में सर्वे होने के उपरांत गौचर व चिन्यालीसौड़ की हवाई सेवा शामिल की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि पिथौरागढ़ से फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं शुरू करने के लिए संबंधित एयरलाइन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में एयर कनेक्टीवीटी को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र से मिल रहे सहयोग के लिए



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से पिथौरागढ़ में पवन हंस को निर्बाध और समयबद्ध तरीके से सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के तौर पर विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथरिटी अफ इंडिया द्वारा अपनी सर्वे रिपोर्ट दिसंबर माह में देनी है। मुख्यमंत्री ने पंतनगर एयरपोर्ट के अपग्रेडेशन के संबंध में जल्द निर्णय लिये जाने का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने व विस्तारीकरण के लिए जरूरी भूमि का फिजिबिलिटी सर्वे एयरपोर्ट अथरिटी अफ इंडिया द्वारा किया जाना है। मुख्यमंत्री ने इसे जल्द करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आश्वस्त किया कि उत्तराखण्ड में एयर कनेक्टीवीटी के सभी प्रस्तावों को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाएगा।

### चंद्रपुर में रेलवे का फुटओवर ब्रिज गिरने से बड़ा हादसा

# 13 लोग घायल,एक की स्थिति गंभीर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रविवार को रेलवे फुटओवर ब्रिज गिरने से बड़ा हादसा हो गया। चंद्रपुर जिले के बल्हारशाह रेलवे जंक्शन पर फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया, जिसमें 13 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें एक की स्थिति गंभीर है। अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा कि इस हादसे में कुछ लोग करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गए। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पुणे जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री फुटओवर ब्रिज का उपयोग कर रहे थे, तभी उसका एक हिस्सा अचानक गिर गया। इस हादसे में कुछ लोग करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गए। उन्होंने कहा कि इस हादसे में 13 घायलों को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस हादसे में घायल एक की सिर में चोट आई है और उसकी हालत गंभीर है।

मध्य रेलवे (ब्मदजतंस तंपसूंल) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक और दो को कनेक्ट करने वाले फुटओवर ब्रिज के स्लैब का एक हिस्सा ढह गया। हालांकि इसका दूसरा हिस्सा बरकरार है।

फुटओवर ब्रिज गिरने से घायल लोगों के लिए रेलवे ने अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। सीपीआरओ के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (ब्च्त्व् ब्ट) शिवाजी सुतार बताया कि रेलवे ने इस हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये, जबकि साधारण रूप से घायल लोगों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा कि घायल व्यक्तियों को जल्द स्वस्थ होने के अन्य अस्पताल में स्थानांतरित कर सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।

### गहलोत व पायलट विवाद पर जयराम रमेश बोले

# कांग्रेस को कड़े फैसले लेने से भी परहेज नहीं

**इंदौर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मतभेद को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी को दोनों ही नेताओं की जरूरत है, लेकिन संगठन को मजबूत करने के लिए यदि आवश्यकता पड़ी तो कांग्रेस कड़े फैसले लेने से भी परहेज नहीं करेगी।

रविवार को भारत जोड़ो यात्रा के साथ इंदौर पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि संगठन हमारे लिए सबसे पहले है। इस मामले में ऐसा समाधान निकाला जाएगा



जिससे पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गहलोत जहां वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं, वहीं सचिन पायलट युवा और उर्जावान नेता। इन दोनों की ही पार्टी को जरूरत है, लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री गहलोत को ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए था।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में जयराम रमेश ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी यात्रा सफल रहेगी। गुजरात चुनाव में भाजपा के सकल्प-पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने के वादे पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद के बाहर और भीतर बहस होनी चाहिए।

\भाजपा वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस तरह के मुद्दे उठाती रहती है और चुनाव होते ही भूल जाती है। उन्होंने कहा कि गुजरात में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। आम आदमी पार्टी गुजरात में जमीनी स्तर पर मजबूत नहीं है।

## केजरीवाल जेल में छह महीनों से बंद सत्येन्द्र जैन का बचाव कर रहे हैं : संबित पात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ड संबित पात्रा ने कहा कि हर दिन जेल के अंदर से सत्येन्द्र जैन का वीडियो आना कोई मजाक नहीं है बल्कि एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में इस तरह से संविधान का मजाक उड़ाया जाना बेहद ही शर्मनाक है। संबित पात्रा ने कहा कि एक मुख्यमंत्री के रुप में रेपिस्ट के मसाज करने को फीजियोथरेपी बताना बेहद ही शर्मनाक है।

# कांग्रेस उम्मीदवार राजगुरु ने अजमेर और सोमनाथ पर की विवादित टिप्पणी

**राजकोट , एजेंसी।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पांच दिन का समय भी नहीं बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है। चाहें भाजपा हो या कांग्रेस या आम आदमी पार्टी प्रचार के आखिरी समय में सभी कोई भी कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहती हैं। इस बीच, कांग्रेस के राजकोट से उम्मीदवार ने धार्मिक स्थलों अजमेर और सोमनाथ पर बयान देकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रतिद्वंदी भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को राजकोट (पूर्व) सीट से कांग्रेस



उम्मीदवार और पूर्व विधायक इंद्रनील राजगुरु ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्मेरे विचार में, महादेव और अल्लाह एक ही हैं। महादेव अजमेर में रहते हैं, और अल्लाह सोमनाथ में रहते हैं।श इस दौरान उन्होंने अल्लाह हू अकबर और हर-हर महादेव के नारे भी लगाए। बता दें कि इस जनसभा में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्म के लोग मौजूद थे। यहां यह भी ध्यान देने योग्य है कि अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के लिए प्रसिद्ध है और सोमनाथ भगवान महादेव के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेरे विचार में महादेव और अल्लाह एक ही हैं। मुझे बस में अपने हिंदू भाइयों को भगवान सोमनाथ ले जाने में खुशी महसूस होती है। लेकिन मुझे वही आनंद तब भी महसूस होता है जब मैं लोगों से भरी ट्रेनों के साथ अजमेर जाता हूं।

कांग्रेस से पूर्व विधायक और उम्मीदवार इंद्रनील राजगुरू के इन बयानों की एक वीडियो क्लिप आज वायरल हो गई है। जिसके बाद राजकोट में भाजपा के उम्मीदवार ने उनकी इन टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियां हिंदू समुदाय के लिए आपत्तिजनक हैं। राजकोट (पूर्व) से राजगुरु के खिलाफ चुनाव लड़ रहे बीजेपी के उदय कांगड़ ने कहा कि दोनों स्थानों में एक बड़ा अंतर है। इस तरह का बयान हिंदू समुदाय के लिए आपत्तिजनक है। सोमनाथ पूरे देश में पूजनीय है, यह पहला ज्योतिर्लिंग है। उन्हें अपने प्रचार के लिए इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए।

कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा सोमनाथ को लेकर की गई इस टिप्पणी की अहमदाबाद के धार्मिक नेता चौतन्य शंभु महाराज ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह एक उदाहरण है कि एक व्यक्ति वोट के लिए कितना नीचे गिर सकता है। इस तरह के बयान से उन्होंने न केवल हिंदुओं बल्कि मुसलमानों का भी अपमान किया है। यह सिर्फ हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने की कोशिश है।वहीं, जब विवाद ज्यादा बढ़ा तो कांग्रेस उम्मीदवार राजगुरु ने इस पर सफाई भी दी है। उन्होंने कहा कि श्मेरी एक क्लिप अल्लाह हू अकबर कहते हुए वायरल की गई है।

## जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की योजना: वीरेंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति तक यह योजनाएं पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। रविवार को जिला कार्यालय में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। कहा कि कुछ समय बाद जिला कार्यकारणी का सहित मोर्चों का व प्रकोष्ठों का गठन किया जाना है। जो जिम्मेदार कार्यकर्त्ता पद के लिए इच्छुक है वह जिला कार्यालय में आवेदन कर सकता है। कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए पार्टी से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर भाबर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन जसोला, जिला महिला अध्यक्ष नीलम मैंदोलिया, संग्राम सिंह भंडारी, प्रेम सिंह नेगी, सुधीर खंतवाल, रानी नेगी, पूनम खंतवाल, प्रीति कुलाश्री, राकेश मित्तल, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।

# ..अब तीसरी आंख रखेगी अपराधियों पर नजर, शहर में बढ़ेंगे सीसीटीवी कैमरे

◆लगातार बढ़ रहे अपराध को देखते हुए पुलिस ने लिया निर्णय ◆शहर के साथ ही भाबर क्षेत्र में बढ़ाई जाएगी सीसीटीवी कैमरों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः महिला सहित अन्य अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसके तहत बाजार व भाबर क्षेत्र के अलग-अलग 15 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यही नहीं, पुलिस व्यापारियों से भी अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाने की अपील कर रही है। वहीं, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन पर भी जोर दिया जा रहा है।

शहर में लगातार महिला अपराधों की संख्या बढ़ने लगी है। गोखले मार्ग के साथ ही अन्य स्थानों पर महिलाओं के साथ ठगी व अभद्रता की घटनाएं सामने आ रही हैं।

महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार करने वाले अपराधियों की जल्द पहचान हो सके, इसके लिए पुलिस ने शहर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में शहर व भाबर क्षेत्र के संदिग्ध इलाकों को चिन्हित किया जा रहा है।

> कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। ऐसे में यहां अपराध को रोकना सबसे जरूरी है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की सख्या बढ़ाई जा रही है। महिला कोतवाली में स्थित महिला शिकायत केंद्र का भी विस्तार किया जाएगा...
>
> **.श्वेता चौबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी, गढ़वाल**



**कोतवाली में बना महिला शिकायत केंद्र, जिसके विस्तार की योजना बनाई जा रही है।**

यही नहीं, कोतवाली में स्थित महिला शिकायत केंद्र का भी विस्तार करने की योजना बनाई गई है। उम्मीद है कि इससे महिला अपराधों पर लगाम लगेगी।

### सत्यापन पर दिया जा रहा जोर

शहर में बिना सत्यापन किराए के कमरे में रहने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। इसके लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। तीन दिन से पुलिस लगातार क्षेत्र में घूमकर भवन स्वामियों से अपने किराएदारों का सत्यापन करने की अपील कर रही है। इसके बाद पुलिस सत्यापन न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

### पूर्व में हो चुकी हैं घटनाएं

पूर्व में महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग सहित अन्य आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिन पूर्व गोखले मार्ग में एक सब्जी विक्रेता ने एक महिला के साथ अभद्रता की थी। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने सब्जी विक्रेता को पुलिस के हवाले कर दिया था। वहीं, कुछ माह पूर्व गोखले मार्ग पर ही महिलाओं के पर्स गायब होने की घटना भी हो चुकी है। यही नहीं, दीपवाली के दिन झंडाचौक में एक महिला से चेन स्नेचिंग की घटना भी हुई थी।

## क्विज प्रतियोगिता में कैडेट सुरजीत सिंह रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में कैडेट सुरजीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गइ। कविता प्रतियोगिता में प्रथम कैडेट अखिलेश नेगी, द्वितीय कैडेट भूमिका नेगी व तृतीय स्थान पर कैडेट प्रिया खंतवाल रही। क्विज प्रतियोगिता में कैडेट सुरजीत सिंह ,कैडेट मानसी नेगी, कैडेट अखिलेश नेगी, प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे कैडेट अखिलेश नेगी सवीत्तम छात्र वा कैडेट मानसी नेगी की सवीत्तम छात्रा रही।

कैडेट लाइन प्रतियोगिता में टीम नंदा देवी विजेता रही इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ संजीव कुमार ने सभी कैडेट को शुभकामनाएं दी। एनसीसी अधिकारी ले.(डॉ)देवेंद्र सिंह चौहान ने दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला व सभी को देश सेवा के लिए तैयार रहने को कहा । प्रभारी प्राचार्य डॉअनुराग अग्रवाल ने सभी कैडेटों दिवस की बधाई देते हुए राष्ट्रहित सवीपरि है की विचारधारा को अपनाने को कहा। इस अवसर पर सार्जेंट हिमांशु रावत ,अंडर ऑफिसर हर्षित बिष्ट, सार्जेंट पूजा ध्यानी, कैडेट विशाल सिंह नेगी व पूर्व कैडेट आशीष रावत, दिव्यक्षी देवरानी ,अभिनव जोशी, मयंक नेगी, विवेक नेगी, शिवांश आदि उपस्थित रहे।



एनसीसी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## प्रेस क्लब कोटद्वार में सदस्यता अभियान शुरू

पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र उनियाल की अध्यक्षता में बनी स्क्रीनिंग कमेटी

**कोटद्वारः** कोटद्वार प्रेस क्लब की बैठक में सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। सदस्यता ग्रहण करने वाले पत्रकारों को 13 दिसंबर तक क्लब में अपना दस्तावेज जमा करवाने होंगे। नवीनीकरण तथा नई सदस्यता के लिए पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र उनियाल की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है।

कोटद्वार प्रेस क्लब के अध्यक्ष आशीष बलोधी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन प्रेस क्लब के सचिव राजेश सेमवाल मृदुल ने बताया कि, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, जनपद पौड़ी के अन्तर्गत कार्यरत अधिकृत प्रेस प्रतिनिधियों को कोटद्वार प्रेस क्लब में सदस्यता दी जायेगी। सदस्यता ग्रहण करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 15 दिसम्बर 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। सदस्यता का नवीनीकरण तथा नई सदस्यता के लिए नागेन्द्र उनियाल की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है।

सुभाष चन्द्र नौटियाल, राजेश सेमवाल मृदुल तथा चन्द्रेश लखेड़ा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य होंगे 16 तथा 17 दिसम्बर को प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग की जायेगी तथा 17 दिसम्बर को अनन्तिम सदस्यता सूची का प्रकाशन किया जायेगा ` 20 दिसम्बर 2022 को अन्तिम सदस्यता सूची का प्रकाशन किया जायेगा इसके बाद चुनाव तिथि घोषित की जायेगी।

बैठक में नागेन्द्र उनियाल, कमल बिष्ट, शराफत अली, सुभाष चन्द्र नौटियाल, चन्द्रजीत सिंह बिष्ट, चन्द्रेश लखेड़ा, विवेक बनियाल, नरेश थपलियाल, दिनेश गुसाईं, अरविन्द दुदपुड़ी उपस्थित थे। बैठक का संचालन सचिव राजेश सेमवाल मृदुल ने किया।

## छात्रों का शिक्षा के साथ संस्कारवान होना जरूरी: ऋतु

कोटद्वारः नवंबर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उमराव नगर में विद्यार्थी विकास उत्सव में प्रतिभाग किया। विकास उत्सव के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सरस्वती विद्या मंदिर में होने वाले खेलकूद प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ने वाले छात्र सामान्यतः संस्कारी छात्र होते हैं। समाज में आजकल बच्चों पर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई बड़ा अफसर बनने का दबाव होता है परंतु एक संस्कारवान व्यक्ति बनना परम आवश्यक है। सामाजिक मूल्यों, नागरिक के कर्तव्य आदि विषयों पर बोलते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अधिकारियों को उनके अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक एवं संरक्षक विष्णु कुमार अग्रवाल, प्रबंधक अमित अग्रवाल, उप प्रबंधक आशीष गुप्ता, प्रधानाचार्य लोकेंद्र आदि मौजूद रहे।

## अदालीखाल ग्राम समूह पेयजल योजना का हुआ भूमिपूजन

### लैंसडौन विधायक दिलीप राव ने किया भूमि पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** लैंसडोन विधानसभा के अदालीखाल ग्राम समूह पेयजल पंपिंग योजना का विधायक दिलीप रावत ने भूमिपूजन किया। उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा जल जीवन मिशन से योजना को तैयार किया जाएगा। पंपिंग योजना को देवलगढ़ नदी से जोड़कर क्षेत्रवासियों को पेयजल मुहैया कराया जाएगा।

विधिवत मंत्रोच्चार के बाद पंपिंग पेयजल योजना का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दिलीप रावत ने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्प हैं। कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। कहा कि क्षेत्र के करीब 24 ग्राम सभाओं के हजारों लोगों को इस योजना से लाभांवित किया जाएगा। बताया कि योजना निर्माण के लिए करीब 814.26 लाख स्वीकृत कराये गये हैं। कहा कि इस योजना के शीघ्र निर्माण के लिए कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप, महामंत्री शशि कुमार ध्यानी, महामंत्री सुनील चौहान, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, मुन्नी ध्यानी, सत्यपाल सिंह रावत, एमडी रावत, अनिल मधवाल, दीपक कंडारी, दीनदयाल कंडारी, दीनू चतुर्वेदी, मनीष पटवाल, राजेसिंह, पदमेंद्र सिंह, रुद्रा उनियाल, ग्राम प्रधान पतगांव नरेंद्र मनराल, ग्राम प्रधान देवलाड भारती देवी, पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता आशीष मिश्रा, सहायक अभियंता रमाकांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**पंपिंग पेजयल योजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में शिरकत करते विधायक दिलीप रावत।**

## संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी की मंच कार्यालय में आयोजित बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान वक्ताओं ने विभिन्न मुद्दों पर आम जन को जागरूक करने पर बल दियाजिला संयोजक सौरभ गोदियाल ने कहा कि हमें संगठन को मजबूत करना होगा। सभी सदस्यों को मिशन के रूप में कार्य करना होगा। प्रदेश सह संयोजक मुकेश आनंद ने कहा कि संगठन को मजबूती देने के साथ ही आम जन को लव जेहाद सहित अन्य मुद्दों पर जागरूक करना होगा। तभी समाज से बुराइयों को दूर किया जा सकता है। बैठक में प्रदेश के सभी खंडो में शीघ्र ही मंच की कमेटियों का गठन करने पर भी सहमति बनी। बैठक में नगर संयोजक प्रीतम नेगी, आशुतोष द्विवेदी, अनूप ध्यानी, रवींद्र बिष्ट और विमल कोटियाल सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## महावीर चक्र विजेता डेसमंड ई-हेड की प्रतिमा का हुआ अनावरण

### धूमधाम से मनाया गया हेरिडेज एकेडमी का वार्षिकोत्सव , छात्रों की रंगारंग प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का का मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** हेड हेरिटेज एकेडमी का 11वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति व नाटिका ने दर्शकों का मन मोह लिया। सम्राट अशोक पर हुई नाटिका को दर्शकों ने खूब सराहा। इस दौरान एकेडमी परिसर में गढ़वाल के एकमात्र महावीर चक्रविजेता बिग्रेडियर डेसमंड ई-हेड की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

पुराना सिद्धबली मार्ग स्थित हेड हेरिटेज एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने ब्रिगेडियर ई-हेड की प्रतिमा का अनावर कर किया। उन्होंने विद्यालय के कार्यो की प्रशंसा की। साथ ही विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल व अन्य प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलता है। प्रधानाचार्य डा.रूपमाला ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने की सीख दी। कहा कि हमें अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को जीवन में अवश्य सफलता मिलती है। इस दौरान उन्होंने ब्रिगेडियर डेसमंड ई-हेड के इतिहास के बारे में भी बताया कहा कि ब्रिगेडियर डेसमंड गढ़वाल के एकमात्र महावीर चक्रविजेता है। उन्हें 1965 के भारत-पाक युद्ध का हीरो भी कहा जाता है। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर हेड के पुत्र कर्नल माइकल हेड व नर्मन हेड भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने सम्राट अशोक के जीवन के साथ ही अन्य नाटकों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर मेजर जनरल एसएस अहलावत, उपजिलाधिारी प्रमोद कुमार, नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी, मो.अय्याजुद्दीन, भुवनेश खर्कवाल, वीरेन्द्र रावत, सुमन कोटनाला, अनिता आर्य, पूनम खंतवाल आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार के हेरिटेज एकेडमी में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।**

## गुलदार की धमक रोकने को किया झाड़ियों का कटान

### जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को चलाया गया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी:** शहर में लगातार दिख रही गुलदार की धमक को रोकने के लिए डीएम के निर्देश पर रविवार को शहर के विभिन्न स्थानो पर झाड़ियों का कटान किया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों में उगी झाड़ियां गुलदार के छुपने में मददगार साबित हो रही है।

बीते शुक्रवार को दिन में ही गुलदार तहसील व न्यायालय परिसर के पास देखा गया था। इसके साथ ही शहर के कई मोहल्लों में गुलदार की सक्रीयता देखी जा रही है। जिस पर डीएम ने एसडीएम व नगरपालिका को शहर में झाडियों को साफ करने के निर्देश दिए थे। रविवार को एसडीएम सदर आकाश जोशी के नेतृत्व में झाड़ियों के कटान का कार्य किया गया। इस दौरान वन विभाग, नगरपालिका व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेशहर में आए दिन गुलदार की धमक के बाद डीएम डा.आशीष चौहान ने अफसरो को हर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अफसरो द्वारा बताया गया कि शहर के कई स्थानो में उगी झाडियां गुलदार के छुपने में मददगार साबित हो रही है। जिस पर डीएम डा.आशीष चौहान ने अफसरो को जिन स्थानों में गुलदार की सक्रियता दिख रही है, वहां झाड़ियों का कटान व लेपर्ड पेट्रोलिंग शुरू करने के निर्देश दिए। जिस पर रविवार को एसडीएम के नेतृत्व में तहसील व न्यायालय के निकट गदेरे व अन्य स्थानों पर झाड़ियों का कटान कार्य किया गया। एसडीएम आकाश जोशी ने कहा कि नगर के अन्य स्थानों को भी चिन्हित कर नगरपालिका व वन विभाग के सहयोग से झाड़ियों का कटान किया जाएगा। कहा कि जानवर आसान शिकार की तलाश में रहता है जिससे लोगों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## गांव के बेहतर विकास पर की चर्चा

**पौड़ी:** स्वयंसेवी संस्था द्वारा कोट ब्लाक की न्याय पंचायत कुंडी के पंचायत घर में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीईकरण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियो को विभिन्न जानकारियां दी गई।कार्यक्रम में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह पंवार ने सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव की परिकल्पना को साकार देते हुए बताया गांव की महिलाएं बच्चे एवं वृद्ध किस प्रकार सुरक्षित रूप से रहते हुए अपने जीवन को जीते हैं। कहा कि गांव में न्याय प्रणाली एवं पुलिस प्रणाली दोनों का आधार सामाजिक रूप से मजबूत एवं सुरक्षित होना चाहिए। गांव में अपराध को नष्ट करने के लिए सभी लोगों को सकारात्मक सहयोग करना चाहिए। मास्टर ट्रेनर सोनू कुमार ने जल पर्याप्त गांव व हरा भरा गांव की थीम की जानकारी देते हुए बताया कि गांव में पर्याप्त रूप से पीने का पानी एवं सिंचाई का पानी उपलब्ध होना चाहिए।

गांव की कृषि उत्पादन एवं वन उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी के साधन बढ़ाई जानी चाहिए। गांव में लिफ्ट योजना हाई ड्रम योजना या अन्य माध्यम से सिंचाई के लिए गुल एवं नालियों का निर्माण होना चाहिए जिसके लिए मनरेगा से धन आवंटित हो सकता है। मास्टर ट्रेनर सचिन कुमार ने आत्मनिर्भर और बुनियादी ढांचे गांव की परिकल्पना को साकार करते हुए बताया गांव की आवश्यकताएं गांव स्तर पर ही पूरी होनी चाहिए । गांव को शहर की तरफ नहीं देखना चाहिए गांव को शहर से आवश्यकता पूर्ण करने के लिए देखना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। बीडीपीओ रोहित ठाकुर, वीडीपी पूरन सिंह नेगी ने भी गांव पंचायत विकास योजना की जानकारी दी। इस मौके पर संतोषी देवी, किरण देवी, अनीता देवी, वर्षा देवी आदि शामिल थे।

## सुयश ने दिए विद्यालय को डेढ़ लाख रुपये

### धूमधाम से मनाया गया हंस सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी का रजत जयंती समारोह

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार/सतपुली।** हंस सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी सतपुली का रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृ ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य सुयश रावत ने विद्यालय को डेढ़ लाख रुपये दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहा है।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य सुयश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजना वर्मा व त्रिलोक सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से दी प्रज्वलित कर किया। मुख्यअतिथि सुयश रावत ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि एक बेहतर लक्ष्य ही हमें जीवन की उन्नती पर ले जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय को डेढ लाख रुपये की धनराशि भी दान की। विद्यालय के प्रबंधक बीपी बिजल्वाण ने कहा कि विद्यालय पिछले तीन वर्षो से बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा मुहैया करवा रहा है। आज विद्यालय के बच्चे देश के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंजली बिजल्वाण, वेद प्रकाश वर्मा, बृजमोहन सिंह, उम्मेद सिंह रावत, विनोद घिल्डियाल, मालती जुयाल, गंगा खतवाल, ममता ध्यानी, राय सिंह, आशा नेगी, आदि मौजूद रहे।



# 120 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स ने स्थानीय पुलिस के साथ यूपी से ऊधमसिंह नगर जिले में सप्लाई के लिए लाई जा रही 120 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। रविवार को सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार शाम एसटीएफ सीओ सुमित पांडे की अगुवाई में किच्छा में संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। आदित्य चौक पर पहुंच कर टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति यूपी से स्मैक की सप्लाई देने ऊधमसिंह नगर आ रहा है। एसटीएफ की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इंटरार्क फैक्ट्री गेट के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से 120 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम बदन पाल पुत्र अजय पाल निवासी ग्राम खुनक बिनावर जिला बदायूं यूपी बताया। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को बदायूं के आबिद नाम के व्यक्ति से मात्र दो लाख रुपये में खरीद कर लाया है, जबकि अभी मात्र 70 हजार रुपये दिए हैं। बकाया स्मैक बेचकर देना तय हुआ था। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी कई बार उत्तराखंड में स्मैक की सप्लाई दे चुका है।

## बेटी की हत्या के प्रयास के आरोपी पिता की संपत्ति होगी कुर्क

हल्द्वानी। बेटी का गला दबाकर हत्या करने के प्रयास के आरोपी पिता के खिलाफ अब पुलिस बड़ी कार्रवाई करने वाली है। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। साथ ही आरोपी की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी की जा रही है। पुत्री का गला दबाकर हत्या करने के प्रयास का आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। तमाम प्रयास के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। टीपीनगर चौकी प्रभारी संजीत राठौड़ ने बताया कि 21 मार्च को देवलचौड़ बंदोबस्ती महिला ने अपने ही पति कमल पर पुत्री का गला दबाकर हत्या करने की कोशिश का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# गरीबों के आशियानों को उजड़ने नहीं दिया जाएगाः अरोरा



रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि फाजलपुर महरौला का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, जिस पर निर्णय आना है। यहां रह रहे 4000 परिवार न तो नजूल की जमीन पर रह रहे हैं और न ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रह रहे हैं। प्रशासन की ओर से 1500 परिवारों को नोटिस भेजकर उजाड़ा जाना गलत है। प्रशासन को इसके समाधान का रास्ता निकालना चाहिए था न कि गरीबों को उजाड़ने का रास्ता तलाशना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर कोई तकनीकी पहलू होगा तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। गरीबों के आशियानों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। विधायक अरोरा रविवार को फाजलपुर महरौला फेस–5 स्थित प्रांगण में आयोजित महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाजलपुर महरौला का मामला काफी पुराना है। यहां रह रहे गरीब परिवारों ने जीतोड़ मेहनत कर अपना आशियाना बनाया है। वर्ष 2017 में हाईकोर्ट की ओर से यथास्थिति बनाए रखने की बात कही गई थी। जिला प्रशासन से सीलिंग मुक्त जमीन का सर्टिफिकेट लेने के बाद लोगों ने अपने आशियाने बनाए। अब उन्हें बताया गया है कि उनके मकान और दुकान सीलिंग की जमीन पर बने हुए हैं और उन्हें ध्वस्त किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गरीबों को अपना आशियाना बनाने में तीन पीढ़ियां लग जाती हैं।

# दिव्यांगों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगाः पंत



रुद्रपुर। सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल का ऊधमसिंह नगर में जनपद स्तरीय अधिवेशन 6 दिसंबर को नगर निगम सभागार में संपन्न होगा। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सिटी क्लब में एक बैठक आयोजित हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के साथ ही सक्षम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर और विधायक शिव अरोरा मौजूद रहेंगे। रविवार को बैठक के दौरान अनुसंधान मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ललित पंत ने कहा कि सक्षम दिव्यांगों को समर्पित राष्ट्रीय संगठन है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक अनुषांगिक संगठन भी। अधिवेशन के दौरान रैली का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें दिव्यांगजन समेत 1उनके परिजन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शिशु मंदिर, राष्ट्रीय सैनिक संगठन समेत तमाम स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोग सम्मिलित होंगे। इससे दिव्यांगों के प्रति समाज के नजरिए में परिवर्तन आएगा और दिव्यांगों की समस्याओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार और सामाजिक संस्थाएं मिलजुल कर आगे आने के लिए प्रेरित होंगी।

## पूर्व सैनिक संगठन ने किया कार्यकारणी का विस्तार

पिथौरागढ़। पूर्व सैनिक संगठन ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। रविवार को पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष मयूख भट्ट ने कहा दूरस्थ क्षेत्रों पर पूर्व सैनिकों को एक साथ लाने से उनके हितों और सुविधाओं की बातों को प्रमुखता से उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अब इन क्षेत्रों में अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद पूर्व सैनिक संगठन मजबूत होगा। पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष भट्ट ने बताया कि कार्यकारिणी विस्तार कर डिगर सिंह दानू को क्षेत्र अध्यक्ष मदकोट, शेर सिंह कोरंगा को बंगापानी, मदकोट, मुनस्यारी, धारचूला तथा तल्ला जोहार क्षेत्रों के संयोजक के तौर पर कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी दी



बागेश्वर। रामलीला मैदान सोमेश्वर में जय भारत सोयात सहकारिता की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सहकारिता समूहों के सदस्यों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। तथा स्वरोजगार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाने के लिए भी महिलाओं को जागरूक किया गया। तथा महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तथा जय भारत सोयात की बचत भी जमा की गई। बैठक में ताकुला ब्लॉक के बीएमएम गणेश चिराल, कोऑर्डिनेटर किशोर कुमार, सीनियर सी आर पी वंदना आर्य ने महिलाओं को संबोधित किया। तथा अभियान के उद्देश्यों को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# ब्रॉड गेज सर्वे पूरा होने पर संघर्ष समिति ने जताया हर्ष



बागेश्वर। टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्मय से सघर्ष समिति के लिए सुखद खबर प्रकाशित की गई है। जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने टनकपुर–बागेश्वर रेल लोइन मार्ग के लिए बॉड गेज सर्वे पूरा कर दिया है। साथ ही 154.58 किमी रेल लाइन के लिए 6953 करोड़ अवमुक्त कर टैंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके लिए उन्होंने सरकार के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर इस मौके पर अध्यक्ष नीमा दफौटी, हयात सिंह मेहता, बंशीधर जोशी, केशवानंद जोशी, विक्रम सिंह, सरस्वती गैलाकोंटी, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, सुनीता टम्टा, भावना रावत, इंदिरा जोशी, हरिओम टंगड़िया, हेमा जोशी आदि मोजूद रहे।

## दुग्ध संघ में निदेशक अरोड़ा की नियुक्ति पर जताई खुशी

पिथौरागढ़। यूएसडीएफ का एमडी जयदीप अरोड़ा को बनाने पर दुग्ध समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य कर्मियों ने खुशी जताई है। दुग्ध संघ के अध्यक्ष विनोद भट्ट ने कहा कि प्रबंधक निदेशक नहीं होने से काफी दिक्कतें हो रही थी। दुग्ध संघ के प्रबंधक राजेश मेहता ने कहा कि दुग्ध संघ की ओर से संचालित पशु पोषण योजना, भूसे पर अनुदान, साईलेज पर अनुदान, पशु क्रय के लिए अनुदान ऐसी अनेक कल्याणकारी योजनायें प्रबंध निदेशक अरोड़ा के कार्यकाल में शुरू हुई है।

# सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर लगाया उपेक्षा का आरोप



बागेश्वर। उत्तराखंड स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर संगठन की यहां आयोजित बैठक में सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया है।

वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल में उन्होंने जो भूमिका निभाई अब उसे भुलाया जा रहा है। कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजन की मांग की गई। स्वास्थ्य भवन में रविवार को आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कोरंगा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में तैनात उपनल के तहत तैनात कर्मचारियों ने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाई, सरकार उनके काम को भुलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन संगठन उन्हें ऐसा नहीं करने देगा। प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश रावत ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत किया जा रहा है। पौड़ी के जिलाध्यक्ष मिथिलेश ने कहा कि संगठन के माध्मय से अपनी मांगों को मनवाया जाएगा। सरकार से सेवा विस्तार कराने तथा विभाग में समायोजन की मांग वह लंबे समय से कर रहे हैं। इसे मनवाकर ही दम लिया जाएगा। इस मौके पर प्रशांत नौटियाल, संजय कन्नोजिया, नीमा आर्या, पंकज कंमार, उमेश कुमार, शीला, गीता, गंगा, अमरजीत दीपा आदि मौजूद रहे।

# एसटीएफ ने यूपी से लाई जा रही बारह लाख रुपये की स्मैक पकड़ी



किच्छा। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स स्थानीय पुलिस के साथ बड़ी कार्यवाही करते हुए यूपी से ऊधमसिंह नगर जिले में सप्लाई के लिए लाई जा रही 120 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 12 लाख रुपये बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने कोतवाली में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीते शनिवार सांय एसटीएफ की टीम अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए संदिग्धों की तलाश किच्छा में गश्त कर रही थी। आदित्य चौक पर पहुंच कर टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति यूपी से बड़ी मात्रा में स्मैक की सप्लाई ऊधम सिंह नगर में देने आ रहा है। एसटीएफ ने पूरे मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी सांझा होते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई व उन्होंने एसटीएफ के साथ एनएच–74 पर इंटार्क फैक्ट्री गेट के निकट संदिग्धों की चैंकिग शुरू कर दी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर एसटीएफ को उससे पास से लगभग 120 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम बदन पाल पुत्र अजय पाल निवासी ग्राम खुनक बिनावर जिला बंदा यूपी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

## प्रांतीय सरकार की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने में प्रशासन नाकाम

सितारगंज। एक तरफ प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए अदालत का सहारा ले रहा है तो दूसरी तरफ सीएम पोर्टल पर अवैध कब्जे की शिकायत पर संज्ञान तक लेना प्रशासन मुनासिब नहीं समझ रहा है। जिससे प्रशासन पर अवैध कब्जेदार को संरक्षण देने के आरोप लग रहे है। बता दें कि खूनसरा गांव में अतिक्रमणकारियों ने राज्य सरकार की 03 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। अतिक्रमणकारी ने जमीन पर पक्का निर्माण भी कर लिया है। गांव के ही रामकुमार ने अवैध कब्जे दार के खिलाफ सीएम पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज करा दी है, लेकिन सीएम पोर्टल की निर्धारित समय सीमा के बाद भी अवैध कब्जेदार से सरकारी संपत्ति मुक्त नहीं कराई गई है।

# मझोला में पुत्र की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार



रुद्रपुर। सीओ वीर सिंह ने मझोला गांव में हुई युवक की हत्या का खुलासा कर दिया है। उन्होंने बताया कि युवक की हत्या उसके पिता ने ही शराब के नशे में की थी। उसने कुल्हाड़ी से वार कर पुत्र को मौत के घाट उतार दिया था। आरोपी से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। हत्यारोपी पिता को पोलीगंज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। मझोला निवासी हरीश कश्यप (27) पुत्र हर प्रसाद शुक्रवार को घर में लहूलुहान हालत में मिला था। उसकी मां और बहन तालाब से मिट्टी लेकर लौटीं तो उसे इस हालत में देखा। उनके सामने ही उसने दम तोड़ दिया था। हरीश मझोला कस्बे में ही चाट–पकौड़े का ठेला लगाता था। वहीं न्यूरिया गिधौर पीलीभीत यूपी निवासी युवक के चाचा नेतराम ने पुलिस को तहरीर सौंपकर हरीश के पिता हर प्रसाद पर ही हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने नेतराम की तहरीर पर हरप्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने बताया कि शुक्रवार को जब वह दिन में शराब पीकर घर आया तो उसका हरीश से विवाद हो गया था। हरीश अपने कमरे सो रहा था, तभी उसने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। सीओ ने बताया कि आरोपी को पोलीगंज के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई अशोक कुमार, चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, एसआई पंकज महर, विपिन सिंह आदि शामिल रहे।

# चिह्नित अस्पतालों में इलाज नहीं मिलने से पेंशनर्स नाराज



रुद्रपुर। उतराखंड गर्वनमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान गोल्डन कार्ड की विसंगतियों, गोल्डन कार्ड धारकों को चिह्नित राजकीय एवं निजी अस्पतालों में मासिक कटौती के बाद उपचार नहीं मिलने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बाद में पदाधिकारियों ने इस संबंध में एक ज्ञापन सीएम को प्रेषित किया है। रविवार को नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि राजकीय पेंशनर्स गोल्डन कार्ड योजना में शामिल होने के लिए विकल्प भर रहे हैं या भर चुके हैं। उनकी मासिक कटौती उसी माह से की जाए। जनवरी 2021 से विकल्प भरने की तिथि से एरियर न लिया जाए। जिन पेंशनरों ने गोल्डन कार्ड की सुविधा लेने से मना कर दिया है, उनकी माह सितंबर 2022 में एरियल की वसूली की गयी है उसे वापस किया जाए। राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 फीसदी करने की मांग उठाई। इसके अलावा जिले में सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों का इलाज व सुविधा सही से हो, इसके लिए जिलाधिकारी या मुख्य चिकित्सा अधिकारी को देखरेख के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने समेत कई अन्य मांगें रखीं। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जेएस जैन, संगठन अध्यक्ष बीएल शाह, महासचिव एसके नय्यर, सीबी घिल्डियाल, डॉ. एलएम उप्रेती, डॉ. एसके मलिक, लीलांबर जोशी, पीएस बिष्ट, राज बहादुर शर्मा, केवीएस यादव, वीके शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध खनन में जेसीबी मशीन सीज

रुद्रपुर। यूपी सीमा से लगी सत्रहमील चौकी पुलिस ने अवैध खनन कर रही जेसीबी मशीन को सीज कर दिया है। पुलिस को आता देख चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई के लिए अवैध खनन की रिपोर्ट एसडीएम को भेजी है। शनिवार रात सत्रहमील चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें दोनों प्रदेशों की सीमा पर एक जेसीबी मशीन अवैध खनन करते हुए दिखाई दी।

यह देख जब उन्होंने मशीन चालक को रुकने के लिए कहा तो वह मौके पर मशीन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मशीन को अपने कब्जे लेकर चौकी परिसर में खड़ा करा दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि जेसीबी को अवैध खनन में सीज कर दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी गई है।

# 13 दिन निरस्त रहेगी संपर्क क्रांति 39 व बाघ एक्सप्रेस

हल्द्वानी। आने वाले तीन महीनों में काठगोदाम स्टेशन से चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 39 दिन व बाघ एक्सप्रेस 13 दिन निरस्त रहेगी। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में रेल प्रबंधन ने ट्रेनें निरस्त करने के पीछे की वजह इन दिनों आने वाला कोहरा बताया है। पूरी तरह से पैक रहने वाली इन गाड़ियों के निरस्त होने के चलते हजारों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

काठगोदाम व पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस हमेशा पैक चलती है। इसमें पहाड़ के जिलों समेत नैनीताल, यूएसनगर, रामपुर, मुरादाबाद जिलों के हजारों यात्री रोज यात्रा करते हैं। सुबह काठगोदाम से चलने वाली यह ट्रेन शाम को पुरानी दिल्ली पहुंचा देती है। जिसके चलते इस ट्रेन की व्यापारियों में भी काफी डिमांड है। इस ट्रेन को रेलवे दिसंबर में 14 दिन, जनवरी –13 दिन, फरवरी 12 दिन निरस्त करने की घोषणा की है। इसके अलावा करीब चार राज्यों से गुजरने वाली बाघ एक्सप्रेस को भी कोहरे के चलते दिसंबर में 4 दिन, जनवरी में 5 दिन व फरवरी में 4 दिन निरस्त रखा जाएगा।

**रेलवे के दावों पर उठे सवालः** बीते दिनों रेलवे ने 20 नवंबर को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोहरे से निपटने के इंतजाम को लेकर कई दावे किए थे। अब रेलवे कोहरे का हवाला देते हुए ट्रेन निरस्त कर रहा है। देव भूमि व्यापार मंडल उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली कहते हैं कि रेलवे को कैसे मालूम कि किन किन दिनों में कोहरा आने वाला है। वो कहते हैं कि संपर्क क्रांति के निरस्त करने से व्यापारी के साथ–साथ आमजन, टूरिस्ट दोनों ही परेशान होंगे। देव भूमि व्यापार मंडल हल्द्वानी के नगर संगठन मंत्री पंकज गुप्ता कहते हैं कि बीते दिनों रेलवे ने दावा किया था कि कोहरे से निपटने कि लिए सभी ट्रेनों के इंजन में फॉग सेफ डिवाइस लगाने व कोहरे में ट्रेन की स्पीड भी निर्धारित कर दी गई है। और अब कोहरे का हवाला देते हुए ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। कोहरे के चलते संपर्क क्रांति व बाघ एक्सप्रेस को दिसंबर, जनवरी और फरवरी में कुछ दिनों के लिए निरस्त किया गया है।

# वन्यजीवन संघर्ष रोकने को सख्त कदम उठाए वन विभाग

### जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः लगातार हो रहे गुलदार के हमलों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। डीएम पौड़ी ने अफसरों को मानव वन्यजीवन संघर्ष को कम करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीएम का कहना है कि प्राथमिक तौर पर गुलदार सुरक्षा समिति बनाकर लेपर्ड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। जहां लोग गुलदार से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध करा सकेंगे।मानव वन्यजीवन संघर्ष को रोकने के लिए आयोजित बैठक में डीएम डॉ.आशीष चौहान ने कहा कि पौड़ी जिले के उन स्थानों को चिन्हित कर लिया जाए, जहां पिछले 10 वर्षों में गुलदार से संबंधित घटनाएं हुई हैं। कहा कि जिन स्थानों, गांवों में गुलदार की सक्रियता अधिक देखी जा रही है, उन स्थानों पर गुलदार सुरक्षा समिति बनाई जाए और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इस समिति का क्रियान्वयन किया जाए।डीएम ने कहा कि गुलदार सुरक्षा समिति के सदस्यों को मूलभूत चीजें जैसे टॉर्च, लाइटें, डंडे, नेट (जाल) आदि सामग्री उपलब्ध कराकर वन विभाग से समन्वय स्थापित कर उनका व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिससे गुलदार की सूचना मिलने पर वे जानकारी उपलब्ध करा पाएंगे। इसमें पीआरडी के माध्यम से प्रशिक्षित जवानों को भी शामिल किया जाए जो क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर संभावित खतरे से लोगों को सतर्क करेंगे। इस दौरान डीएम ने एसडीएम को शहर में जिन स्थानों पर झाड़ियां हैं, उन स्थानों पर नगरपालिका के माध्यम से तत्काल झाड़ियां साफ करने के निर्देश दिए। कहा कि अत्यधिक अंधेरे स्थान को चिन्हित कर उरेडा विभाग के माध्यम से आधुनिक सोलर हाईमास्क लाइटें भी लगवाईं जाएं। बैठक में डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार, डीएफओ सिविल एवं सोयम आरके तिवारी, एसडीएम आकाश जोशी आदि शामिल थे।



पौड़ी में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

### नशे को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

नई टिहरी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर पुलिस नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न कानूनों व अपराधों को लेकर आम लोगों व स्कूली छात्रों को सचेत करने का भी काम किया जा रहा है। पुलिस ने राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी में जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों एवं उत्तराखण्ड पुलिस एप्प के अन्तर्गत ई–एफआईआर व गौरा शक्ति एप्प के सम्बन्ध में भी विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ममता पंत, नगर पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, सीओ अस्मिता ममगाई व प्राचार्य डा रेनू नेगी, एसएचओ कमल मोहन भंडारी, प्रदीप पंत, एसआई सुखपाल सिंह, नंद किशोर ग्वाड़ी सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और पौड़ी ने मैच जीते

नई टिहरी। स्पोर्ट्स स्टेडियम मुनीकीरेती में अंडर–17 बालक वर्ग राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मैचों का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्रनगर की उपस्थिति में किया गया। 28 नवंबर (आज) को क्वार्टर फाइनल खेला जायेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी टिहरी संजीव कुमार पौरी ने बताया कि पहला मैच चंपावत व उत्तरकाशी के मध्य खेला गया, उत्तरकाशी ने निर्धारित ओवरों में 99 रन बनाए। चंपावत की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कुल 83 रन बनाए, उत्तरकाशी मैच 6 रनों से जीता। दूसरा मैच रुद्रप्रयाग व चमोली के बीच खेला गया, रुद्रप्रयाग ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवरों में 84 रन बनाए तथा चमोली ने रनों का पीछा करते हुए 55 रन बना पायी, 30 रनों से चमोली की हार हुई। तीसरा मैच पौड़ी व बागेश्वर के मध्य हुआ पौड़ी पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवरों में 96 रन का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरे बागेश्वर की टीम निर्धारित ओवरों मे लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी, पौड़ी ने 21 रनों के अन्तराल से मैच अपने पक्ष में कर लिया। अम्पायर की भूमिका में विपिन रघुवंशी, राजीव कठैत एवं कुलदीप कुमार रहे। इस अवसर पर प्रवक्ता जयराम कुशवाहा, दाताराम भट्ट, उप क्रीडा अधिकारी रितु जैन, धीरेंद्र सिंह असवाल, पुष्कर सिंह असवाल, सत्येंद्र सिंह चौहान, राजपाल राणा, पंकज ग्वाड़ी, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने सीएचसी बेलेश्वर में मरीजों के अल्ट्रासाउंड किये

नई टिहरी। डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने सीएचसी बेलेश्वर में पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों व प्रसूति महिलाओं का स्वयं अल्ट्रासाउंड कर उन्हें इलाज के लिए उचित सलाह भी दी। डीएम के अस्पताल में आने की पूर्व सूचना के कारण घनसाली के दूर दराज क्षेत्रों से अल्ट्रासाउंड कराने वालों का सिलसिला सुबह से अस्पताल पहुंचने शुरु हो गया था। अल्ट्रसाउंड करने के लिये करीब 250 लोगों ने पंजीकरण करवाया। रविवार सुबह 11 बजे डीएम सीएचसी पहुंचे और अस्पताल का निरीक्षण कर सीधे अल्ट्रासाउंड करने में जुट गए। दोपहर दो बज तक 80 लोगों के अल्ट्रासाउंड ही हो पाए।

डीएम लोगों को अश्वास्त किया कि अगली बार आकर वह अन्य लोगों का अल्ट्रासाउंड करेंगे। बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति के लोगों ने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा। समिति के लोगों ने पीपीपी मोड़ पर संचालित सीएचसी बेलेश्वर में प्रसूति रोग विशेषज्ञ की नियमित नियुक्ति की मांग की। समिति अध्यक्ष चंदन सिंह पोखरियाल, सचिव उम्मेद सिंह चौहान ने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं को अल्ट्रासाउंड और प्रसूति हेतु श्रीनगर व देहरादून जाना पड़ता है। उन्होंने अस्पताल में नियमित प्रसूति विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की। डीएम ने अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर जल्द उचित कार्यवाही का अश्वासन दिया।

## प्रधान संगठन ने मनरेगा को लेकर कई मांगें रखीं

नई टिहरी। जनपद टिहरी गढ़वाल प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा की अगुआई में जिले के ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल सीडीओ मनीष कुमार और डीडीओ से मिला। मनरेगा को लेकर तमाम तरह की मांगें सामने रखीं।

प्रधानों ने अवगत कराया की पिछले माह 14 अक्तूबर से अभी तक मनरेगा योजनाओं के प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति मिलने के पश्चात एक माह से भी ज्यादा समय होने के बावजूद प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। जिस कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर सीडीओ मनीष कुमार ने प्रधानों को बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति जल्द की जा रही है। साथ ही मनरेगा योजनाओं में एनएमएमएस सिस्टम के काम न करने के बावजूद भी 19 से अधिक श्रमिकों के मस्टरोल न निकलने की वजह से योजनाओं को समय से पूर्ण नहीं कर करा पा रहे हैं। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी ने अवगत कराया की शासन को इस समस्या के समाधान हेतु पत्राचार किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, कोषाध्यक्ष संदीप रावत, अरविंद नेगी सहित कई प्रधान संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

चमोली। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हरमनी के द्वारा प्राथमिक विद्यालय मलतुरा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर छात्र छात्राओं की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। नारायणबगड़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मलतुरा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्कूली छात्र छात्राओं की निशुल्क जांच की गई।

### पंवार बने उपनल कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष

चमोली। जगदीश पंवार उपनल कर्मचारी महासंघ के चमोली जिले अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नरेश चंद्र मैंदोली जिला महामंत्री और देवेन्द्र सिंह उपाध्याय तथा किरन कैलखुरा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुयी हैं। जिला मुख्यालय गोपेश्वर में उपनल कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी के गठन अवसर पर जनपद के सभी विभागों के उपनल कर्मचारी उपस्थित रहे। उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल, महामंत्री विनय प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सेमवाल, उपाध्यक्ष राकेश राणा, अखिलेश बहुगुणा, नितिन राणा, प्रमोद नेगी, जसपाल भण्डारी की उपस्थित में उपनल कर्मचारी की जिला चमोली इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## रुद्रप्रयाग राशिसं की नई कार्यकारिणी का विस्तार

रुद्रप्रयाग। राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग शाखा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अपनी पहली बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत को संरक्षक, पूर्व कोषाध्यक्ष मित्रानंद मैठाणी को कोषाध्यक्ष और पूर्व संरक्षक विजय बैरवाण को वरिष्ठ सलाहकार मनोनीत किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि परिसर में बने राजकीय शिक्षक संघ भवन में नवनिर्वाचित राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से यह फैसला लिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महामंत्री आलोक रौथाण ने बताया कि पूर्व में निर्वाचित कार्यकारिणी का विस्तार किया जाना था, जिसमें कोषाध्यक्ष, संरक्षक और वरिष्ठ सलाहकार का मनोनयन किया जाना प्रस्तावित था, इसलिए पहली ही बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की आम सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। राजकीय शिक्षक संघ के इतिहास में सबसे अधिक 300 मतों से विजय मिलने पर उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित भी किया। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भर ने कहा कि हमारी यह कार्यकारिणी सभी शिक्षकों को साथ लेकर शैक्षिक उन्नयन और जनपद के सभी शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी। जो भी जिम्मेदारी हमें मिली है हम सब मिलकर कार्य करते रहेगें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शीशपाल पवार, ललिता रौतेला संयुक्त मंत्री दीपक कुमार नेगी, कुसुम भट्ट संगठन मंत्री सरोप सिंह नेगी, विमला राणा आय व्यय निरीक्षक उमेद लाल बेरवाण, ब्लॉक अध्यक्ष अगस्त्यमुनि शंकर भट्ट मंत्री, ब्लाक मंत्री ऊखीमठ अजय भट्ट, ब्लॉक मंत्री जखोली प्रवीण घिल्डियाल, प्रवक्ता अतुल नेगी, संदीप भट्ट, शांति गुसाईं, लक्ष्मी नेगी आदि मौजूद थे।

## टिहरी में शिक्षकों ने मांगी पुरानी पेंशन

नई टिहरी। पुरानी पेंशन से छूटे प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ की पुरानी पेंशन के बाबत एक आवश्यक बैठक बौराड़ी के निजी होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुऐ प्राथमिक शिक्षक संघ के विजेंद्र पंवार ने कहा कि छूटे शिक्षक, जो कि वैधानित तरीके से पुरानी पेंशन से आच्छादित थे, लेकिन शासन ने मात्र चंपावत व अल्मोड़ा जिले को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया है। जबकि विज्ञप्ति व परिणाम पूरे प्रदेश के शिक्षकों के लिए एक समान थे। लगभग तीन वर्षों से आंदोलित शिक्षकों के सरकार ने विकल्प मांगे थे। भिन्नता आने पर पुनः विकल्प मांगे गये। सभी शिक्षकों की एक सूत्रीय मांग है कि सभी छूटे शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाय। अन्यथा शिक्षक अहिंसात्मक आंदोलन को मजबूर होंगे। पूरे प्रदेश में 2600 शिक्षक पुरानी पेंशन के पात्र थे। जिनमें से जनपद टिहरी में 227 शिक्षक पुरानी पेंशन की पात्रता रखते हैं। लिहाजा पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। बैठक में मनोहर चमोली, विनोद बडोनी, महावीर पंवार, उम्मेद नेगी, जयंती बहुगुणा, अजयवीर रमोला, प्रदीप सेमवाल आदि मौजूद रहे।



### लोक संस्कृति कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की

ऋषिकेश। गढ़ भूमि लोक संस्कृति संरक्षण समिति ढालवाला का स्थापना दिवस जनवरी 2023 में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत प्रस्तावित दो दिवसीय लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

रविवार को ढालवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में गढ़ भूमि लोक संस्कृति संरक्षण समिति की बैठक समिति संरक्षक आसाराम व्यास की अध्यक्षता में हुई। इसमें जनवरी 2023 में दो दिवसीय लोक संस्कृति कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

## बहुउद्शीय शिविर का आयोजन किया

चमोली। कर्णप्रयाग विकासखंड के कंडारा गांव में बहुउद्शीय शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में ग्रामीणों में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल सहित करीब 42 समस्याएं उठाईं। जिन पर डीएम ने अधिकतर के मौके पर निस्तारण किया, जबकि अन्य समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्र के जर्जर विद्युत पोलों को एक माह में बदलने के निर्देश दिए। साथ ही खराब विद्युत लाइनों का सर्वे करने की बात कही। शिविर में कण्डारा, खतियाडी, जसियारा, कुनेथ, किमोली आदि गांवों के ग्रामीणों ने ग्वाड–डिढोली–किमोली मोटर मार्ग, डिमंर–सुमल्टा, नौसारी–बणसोली, नैनीसैंण–केदारकोट का निर्माण तथा कर्णप्रयाग–नैनीसैंण आदि सड़कों से सुधारीकरण और निर्माण की मांग की। क्षेत्रवासियों की नैनीसैंण से केदारकोट तक सडक निर्माण की मांग पर डीएम ने प्रस्ताव तैयार करने को कहा। राइंका कनखुल व एएनएम सेंटर कण्डारा में पेयजल व्यवस्था को आज ही सुचारू करने तथा नैनीसैंण में पीएचसी भवन निर्माण हेतु भूमि चयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सक, पशु चिकित्सक तथाविद्यालयों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर तैनाती के लिए संबधित विभागों को निर्देशित किया गया। शिविर में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डा.एलएन मिश्र, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, सीटीओ सूर्य प्रताप सिंह, डीडीओ सुमन राणा, ब्लाक प्रमुख चन्द्रेश्वरी देवी, कण्डारा ग्राम प्रधान कुसुम लता, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष खिलदेव रावत सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, समस्त जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी व क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

## एनएच पर जल संस्थान के खोदे गड्ढे से लोग परेशान

विकासनगर। दिल्ली–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर विकासनगर मुख्य बाजार में पेयजल लीकेज ठीक करने के लिए जल संस्थान ने एक सप्ताह पहले गड्ढा खोदा था।

सात दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक लीकेज ठीक नहीं हो पाया है। अलबत्ता हर रोज गड्ढे की गहराई बढ़ती जा रही है। जिससे मुख्य बाजार में यातायात प्रभावित हो रहा है। मुख्य बाजार में केनरा बैंक के सामने सत्तर के दशक में बिछाई गई पेयजल लाइन लीकेज कर रही थी, जिससे बाजार के कुछ हिस्सों में पेयजल किल्लत गहरा गई थी। लीकेज ठीक करने के लिए जल संस्थान कर्मियों ने एनएच पर खुदाई शुरू की। शुरुआत में दो फीट गड्ढा खोदकर लीकेज को ठीक करने का प्रयास किया गया। लेकिन पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी। अब हर दिन जल संस्थान कर्मी गड्ढे को गहराई में खोदते जा रहे हैं।

एनएच के बीचोंबीच गड्ढा खोदने से आधा हिस्सा बाधित हो गया है। गड्ढे से निकलने वाला मलबा भी एनएच पर ही ढेर किया जाता है, जिससे शाम को उठाया जा रहा है। ऐसे में दोपहर होने तक एनएच पर मलबे का ढेर लग जाता है। भीड़भाड़ वाली जगह पर जल संस्थान की ओर से सुस्त रफ्तार किए जा रहे कार्य से आम जनता परेशान हो रही है। कई बार बाजार में जाम की स्थिति की पैदा हो जाती है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री भारत कालरा, पूर्व अध्यक्ष अमरजीत सिंह, मनोज अग्रवाल ने कहा कि जल संस्थान की लापरवाही का खामियाजा आम जनता के साथ ही व्यापारियों और यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही गड्ढे को भरने की मांग की है। उधर, जल संस्थान के एसडीओ जयपाल सिंह ने बताया कि जल्द ही लीकेज को ठीक कर एनएच पर गड्ढे को भर दिया जाएगा।

### सुधारीकरण की राह देख रहा धर्मावाला–कुंजा संपर्क मार्ग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत धर्मावाला–कुंजा संपर्क मार्ग बीते दो दशक से सुधारीकरण की बाट जोह रहा है। पूरे मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। करीब तीन किमी लंबे इस मार्ग पर दो सौ से अधिक गड्ढे हैं।

पूरे मार्ग की पेंटिंग भी उखड़ी हुई है। जिससे करीब चार हजार की आबादी को इस मार्ग से आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री का सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान पछुवादून के गांवों में बेअसर दिखाई दे रहा है। कई गांवों की सड़कें वर्षों से जर्जर हाल में है। धर्मावाला–कुंजा संपर्क मार्ग दोनों गांवों को आपस में जोड़ने के साथ ही चार हजार की आबादी को एनएच से भी जोड़ता है।

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध हुआ मैराथन का आयोजन

ऋषिकेश। ह्यएक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत रानीपोखरी में मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने दौड़ के जरिये नशा मुक्ति का संदेश दिया। रविवार को रानीपोखरी में रिनॉल्ड कंपनी ने पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मैराथन का आयोजन किया। मैराथन का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि नशा मुक्त अभियान के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। मैराथन दौड़ में अलग–अलग 9 कैटेगरी में दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें हर उम्र के लोग दौड़े। इसमें छोटे बच्चों के साथ ही 60 साल से ऊप्रर के बुजुर्गों ने भी भाग लिया और सभी ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। मैराथन के तहत हाट बाजार से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रानीपोखरी तक दौड़ हुई। समापन अवसर पर रानीपोखरी थानाध्यक्ष शिशुपाल राणा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर रतन सिंह, शशिकांत पाठक, अजय, विजय, नवीन चौधरी, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।



## उक्रांद के नगर अध्यक्ष बने जयकृष्ण सेमवाल

विकासनगर। उत्तराखंड क्रांति दल की रविवार को डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के राजनैतिक हालातों पर चर्चा करने के साथ ही नगर कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई। चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि नगर अध्यक्ष पद के लिए जयकृष्ण सेमवाल, अमजद मिर्जा, राम सिंह ने नामांकन किया। पार्टी के जिला पदाधिकारियों की मध्यस्थता के बाद दो लोगों ने अपना नाम वापस लिया। जिसके बाद जयकृष्ण सेमवाल को निर्विरोध नगर अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी के विस्तार में अमजद मिर्जा को नगर उपाध्यक्ष, राम सिंह रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोहन सिंह रावत सचिव, जावेर गौर सह सचिव, सत्येंद्र सिंह रावत संगठन सचिव, विरेंद्र सिंह गुसाई कार्यालय सचिव नियुक्त किए गए। नगर महिला प्रकोष्ठ में सावित्री जोशी अध्यक्ष, लक्ष्मी पंवार सचिव, सीता रावत संगठन सचिव, अनीता चमोली प्रचार सचिव नामित किए गए। जिला अध्यक्ष गणेश काला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत कर प्रदेश को राष्ट्रीय दलों के मकड़जाल से निकालना जरूरी है। राष्ट्रीय दलों के कुप्रबंधन से प्रदेश में पलायन, बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जा रही है।



### डीएवी ने कब्जाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी

ऋषिकेश। ओमकारानंद इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी में एचएनबी केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल की वॉलीबाल प्रतियोगिता की खिताबी भिड़ंत डीएवी और मेजबान ओआईएमटी के बीच हुई। इसमें डीएवी ने ओआईएमटी को अंतिम सेट में 15 –13 से पराजित करके ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। संस्थान निदेशक डॉ. विकास गैरोला ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। रविवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहला सेमीफाइनल ओआईएमटी और बीसीसी श्रीनगर के बीच खेला गया। इसमें ओआईएमटी ने बीसीसी श्रीनगर को 25–10, 25–17, 22–25 25–18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



## कार्यकर्ता अभाविप को मजबूती दें : मीता सिंह

विकासनगर। भाजपा के जिलाध्यक्ष ग्रामीण मीता सिंह ने अभाविप के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने आगामी छात्रसंघ चुनावों में विद्यार्थी परिषद को भारी बहुमत से विजय दिलाने पर जोर दिया। जिलाध्ययक्ष ने संगठन को हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार तरीके से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रेमचंद नौटियाल, जिला संयोजक रितेश सोनकर, जिला सह संयोजक आशीष बिष्ट, सह जिला संयोजिका लक्ष्मी वर्मा, पूर्व सह जिला संयोजक अंशित तिवारी, इकाई अध्यक्ष तुषार कपूर, इकाई मंत्री राहुल विद्वान, कॉलेज सह मंत्री शिवानी चौहान, चमन रावत, राहुल तोमर, शिवानी, अमित शर्मा, आर्यन गोडला, सूरज, ऋतिक, अभिषेक पुंडीर, रोहित, शिवम आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एक दिन में तीन मौतों से मचा कोहराम

**मिल्कीपुर-अयोध्या, (एजेंसी)।** तहसील मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खिहारन में एक ही दिन में तीन लोगों की असामयिक मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दिन में सुबह बजे मायावती ( ) पत्नी बुधराम रावत, बजे काजल ( ) पुत्री द्वारिका प्रसाद तथा बजे राघवराम चौरसिया ( ) की असामयिक मौत से पूरा गांव सदमे में डूब गया।ग्राम प्रधान अजीत मौर्य ने बताया कि एक साथ तीन लोगों की मौतों से पूरा गांव स्तब्ध हैं।गांव पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करने वालों मे मिल्कीपुर प्रथम से जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,रवीउल्ला खान,विश्राम रावत,मोहम्मद फारुख खान,जगन्नाथ पाठक,राजकुमार यादव,हरिओम कौशल,नौशाद खान,वसीम खान,मनोज विश्वकर्मा,सभाराज मौर्य,साहबदीन रावत,राजेश श्रीवास्तव,लालाचांद चौरसिया,केशवराम चौरसिया,गौरव चौरसिया,सुरेंद्र चौरसिया, कमाल अहमद खान, राजेन्द्र शर्मा,कर्मराज रावत,गोपाल श्रीवास्तव,राकेश गुप्ता,ओम चौरसिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पीडिघ्त परिवारों के घर पहुंचकर दुरूख की विषम घड़ी में परिजनो को ढाढस बंधाया।

## दिल्ली के सभी झुग्गीवासियों को तक पक्के मकान मिलेगी : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कालकाजी में झुग्गीवासियों को पक्के फ्लैट दिए गए हैं, उसे दिखाने के लिए आज से अधिक विधानसाभाओं के झुग्गीवासियों ने आकर उस पूरे फ्लैट कम्प्लेक्स को देखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। सुनील देवधर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कहा उसे करके पूरे देश के सामने दिखाया है और उसी का परिणाम है कि झुग्गीवासियों को पक्के फ्लैट दिए और साथ ही चुनाव बाद भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी इस बात का संकल्प लिया है कि वह तक दिल्ली के सभी झुग्गीवालों को पक्के मकान देगी। उन्होंने कहा कि अगर गरीब, पिछड़े और अनुसूचित जाति-जनजाति को समाज के मुख्य धारा में जोडने का काम आज किसी ने किया है, तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है क्योंकि इससे पहले सिर्फ गरीब और पिछड़ों की बात होती थी लेकिन उनके लिए किसी भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां झुग्गी वहां मकान योजना के तहत झुग्गीवासियों के सपने को साकार किया है और यहीं कारण है कि दिल्ली में रहने वाले सभी झुग्गीवासियों के अंदर मोदी सरकार के प्रति एक उम्मीद जगी है कि उन्हें भी पक्के मकान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के झुग्गीवासी केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए वायदों के पूरा ना होने पर ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

## केयर कालेज ऑफ नर्सिंग में किया कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिद्वार। केयर कालेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित कवि सम्मेलन में जीवनदायिनी गंगा को बचाने, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शहीदों के सम्मान पर फोकस करते हुए कवियों ने कविता पाठ किया। किसी ने देश के शहीदों के शौर्य को अपने शब्दों में पिरोया तो किसी ने अपनी कविता में बेटियों पर हो रहे अत्याचार की बानगी दिखायी। गंगा की नगरी में जुटे साहित्यकारों ने गंगा के प्रति अपनी संवेदनाओं को न केवल काव्य में ढाला बल्कि भविष्य में संकट बन कर उभरने वाले पर्यावरण को भी स्वर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित कानपुर से प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि डा.सुरेश अवस्थी ने की। इस अवसर पर लपेटे में नेता जी हास्य टीवी कार्यक्रम में दिखने वाले जबलपुर मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि सुदीप भोला ने नेताओ पर लिखी अपनी हास्य कविताओं से लोगों का मन मोह लिया।

# सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण यादव की 130 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क, झांसी जिला प्रशासन की कार्रवाई

**झांसी, एजेंसी।** पुलिस सुरक्षा में झांसी जिले के कुख्यात अपराधी लेखराज यादव को टुड़ाने के आरोप में जेल में बंद समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 26 सितंबर से जेल में निरुद्ध पूर्व विधायक पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद अब उनकी अपराध से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को करगुवांजी और भगवंतपुरा में जमीन कुर्क कर दी गयी है, जबकि वनगुवां में सोमवार को कार्यवाही की जाएगी।



जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव की करगुवांजी, भगवंतपुरा व वनगुवां में 130 अरब रुपये की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश दिए। एसएसपी राजेश एसक्र के प्रस्ताव पर जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किए। इस आदेश के बाद बीते दिनों आरसी जारी कर दिया। आरसी के पालन में तहसीलदार (सदर) डा लाल कृष्ण, एसपी (सिटी) राधेश्याम राय व सीओ (सिटी) राजेश राय के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस बल की मौजूद्गी में सम्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की गई।

राजस्व व पुलिस टीम सबसे पहले करगुवांजी पहुंची। यहां पर विभिन्न गाटा नम्बर पर सम्मिलित खाते में दीपनारायण सिंह यादव के नाम लगभग 2 एकड़ के प्लाट को कुर्क कर दिया गया। इसके बाद टीम भगवंतपुरा पहुंची, जहां पर इतने ही क्षेत्रफल का आवासीय प्लाट सीज कर दिया गया।

तहसीलदार ने बताया करगुवांजी व भगवंतपुरा में आरसी के अनुसार आवासीय प्लाट को सीज किया गया है। शाम होने के कारण अब वनगुवां में सोमवार को सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। इन तीनों स्थानों पर आवासीय प्लाट और जमीन की कीमत 130 अरब रुपये है, जबकि बाजार में इसकी कीमत और अधिक हो सकती है।

पुलिस व राजस्व टीम ने करगुवांजी व भगवंतपुरा में पहुंचकर पहले जिला मजिस्ट्रेट का आदेश पढ़कर सुनाया और मुनादी की गई। इसके बाद भूमि पर सम्पत्ति कुर्क करने का बोर्ड लगा दिया गया। इस दौरान नवाबाद थाना प्रभारी सुधाकर मिश्र व सीपरी थाना प्रभारी जेपी पाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह पर न्यायालय में पेशी पर आए लेखराज को टुड़ाने के विभिन्न थानों में 5 मुकदमे दर्ज होने के बाद गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। अब उनकी सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। इस बीच, पूर्व विधायक के करीबी भी पुलिस व प्रशासन के निशाने पर हैं। पूर्व विधायक ने व्यापारियों व जमीन कारोबारियों के साथ मिलकर शेयर डाले थे, उनकी सूची बनायी जा रही है। जानकार बताते हैं कि कई कारोबारियों ने उनके साथ व्यावसायिक रिश्ते बन्द कर दिए हैं, लेकिन अभी भी यह करीबी व कारोबारी पुलिस के निशाने पर हैं।

## ट्रक की चपेट में आने से भारतीय छात्र की मौत

**टोरंटो ,एजेंसी।** टोरंटो में हरियाणा के 20 वर्षीय एक भारतीय छात्र को एक पिकअप ट्रक ने तब टक्कर मारी और घसीटा जब वह साइकिल पर क्रसवक पार कर रहा था। यह जानकारी पुलिस ने दी है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि कार्तिक सैनी अगस्त 2021 में कनाडा आया था। शेरिडन कलेज के छात्र सैनी को बीती शाम करीब 430 बजे यंग स्ट्रीट और सेंट क्लेयर एवेन्यू के चौराहे पर एक सफेद पिकअप ट्रक ने टक्कर मार दी।

पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक क्रसवक के माध्यम से दाहिने मुड़ रहा था, जब उसने साइकिल चालक को टक्कर मार दी।पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फोर्ड एफ-250 पिक-अप के चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी और योंग स्ट्रीट पर बाइक और साइकिल चालक को वाहन के नीचे दबा दिया।दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे चिकित्सकों ने सैनी को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया।

# समाजवादी पार्टी के ट्विटर अकाउंट से पोस्ट की गई टिप्पणी के लिए पत्रकार गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के मीडिया सेल के ट्विटर अकाउंट पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में एक स्वतंत्र पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है। 23 नवंबर को एक अन्य पत्रकार मनीष पांडे की शिकायत पर हजरतगंज पुलिस ने अनिल यादव को गिरफ्तार किया। उधर, सपा ने कहा कि यादव का उसके ट्विटर अकाउंट से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं पुलिस ने कहा कि वह सोशल मीडिया अकाउंट चला रहा था। यूट्यूब चौनल चलाने वाले यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

लखनऊ के सहायक पुलिस आयुक्त (हजरतगंज) अरविंद कुमार वर्मा ने कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि यादव समाजवादी पार्टी के ट्विटर अकाउंट का इस्तेमाल करता है।

पांडे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है, 20 नवंबर को समाजवादी पार्टी मीडिया सेल ने राजनीतिक उद्देश्य से गोरखनाथ मठ के बारे में एक विवादास्पद पोस्ट किया। बार-बार अकाउंट गोरखनाथ मठ पर हमला करता है। मठ करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। मैंने लिखा कि मठ को राजनीति में नहीं घसीटा जाना चाहिए और यह (ट्वीट) 5, कालिदास मार्ग (सीएम आवास) तक ही सीमित होना चाहिए। उसके बाद उक्त ट्विटर अकाउंट ने मेरे खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, अनिल यादव का सपा मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से कोई लेना-देना नहीं है, वह एक पत्रकार हैं।उसी ट्विटर अकाउंट से किए गए ट्वीट में सपा ने लिखा, अनिल यादव को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए और सम्मान के साथ घर भेजा जाना चाहिए। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

# बुलेट ट्रेन की गति से विकास कराती है ट्रिपल इंजन की सरकार : सीएम योगी

**गोरखपुर , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र व राज्य में समान विचारधारा की, डबल इंजन की सरकार होने से ही उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकास संभव हो पा रहा है। जब स्थानीय स्तर पर भी उसी पार्टी की, समान विचारधारा की सरकार होती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की रफ्तार से विकास कार्यो को आगे बढ़ाती है। गोरखपुर में ऐसी ही ट्रिपल इंजन की सरकार है। जिले में सभी नौ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर भाजपा का होने का ही परिणाम रहा कि यहां द्रुत गति से विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं। हम सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास की यह गति थमने न पाए। सीएम योगी रविवार शाम करोड़ रुपये की लागत वाली फ्लाईओवर, फोरलेन, जलनिकासी और सीवरेज से जुड़ी चार प्रमुख विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। विकास की प्रक्रिया से जुडना, हो चुके कार्यों का संरक्षण करना और जो हो रहा है, उसे समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी नागरिकों की भी है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता।

## दिल्ली एमसीडी चुनाव में भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेगी : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में कहा है कि भाजपा निगम चुनावों में से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। बलजीत नगर वार्ड में पदयात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए आदेश गुप्ता ने कहा कि लोगों को आम आदमी पार्टी की सच्चाई पता चल चुकी है। उन्हें पता चल गया है कि ये पार्टी कहती कुछ है और करती उसका बिलकुल उल्टा है। लिहाजा भाजपा के प्रत्याशियों को जनता का बड़ा समर्थन मिल रहा है। पार्टी को भी आंतरिक मूल्यांकन में से ज्यादा सीटें मिलने का पता चल रहा है। पार्टी और हमारे सभी प्रत्याशियों का प्रचार बहुत ही अच्छा चल रहा है। सुबह से शाम तक खुद मैंने बलजीत नगर, रणजीत नगर, वेस्ट और ईस्ट पटेल नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया है।

# आफताब की नई गर्लफ्रेंड के पास मिली श्रद्धा की अंगूठी

## पुलिस पूछताछ में हुए चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस को देश के बहुचर्तित श्रद्धा हत्याकांड मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस को श्रद्धा की अंगूठी मिल गई है। आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने ये अंगूठी अपनी महिला दोस्त को गिफ्ट कर दी थी। पुलिस इसे श्रद्धा हत्यकांड मामले में अहम सबूत मान रही है। ऐसे में उसकी महिला दोस्त के बयान भी महत्वपूर्ण हो गए हैं।



दूसरी तरफ रोंगेटे खड़े कर देने वाली एक बात और सामने आई है। आरोपी आफताब ने श्रद्धा के सिर को अलग करने के बाद सिर से बाल काटे थे। पुलिस को श्रद्धा के बाल छत्तरपुर के जंगल से मिल गए है। श्रद्धा के बालों का भी उसके पिता के डीएनए से मिलान हो गया है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धा सोने की अंगूठी पहनती थी। उसने श्रद्धा की हत्या करने के बाद अंगूठी को अपने पास रख लिया था। आरोपी आफताब ने इस अंगूठी को अपनी महिला दोस्त को गिफ्ट कर दी थी। ये वही महिला दोस्त है जिसे आफताब ने श्रद्धा की हत्या करने के बाद अपने छत्तरपुर स्थित वारदात वाले फ्लैट में बुलाया था।

दक्षिण जिला पुलिस ने इस महिला दोस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने इन महिला दोस्त से अंगूठी को बरामद किया है। इस महिला दोस्त ने बताया कि ये अंगूठी आफताब ने उसे उस समय गिफ्ट में दी थी जब वह आरोपी आफताब से मिलने फ्लैट में गई थी। पुलिस ने इस अंगूठी की पहचान के लिए श्रद्धा के पिता को दिखाया था। श्रद्धा के पिता ने इस अंगूठी की श्रद्धा की अंगूठी के रूप में की है। उन्होंने इस अंगूठी को श्रद्धा को उनके जन्मदिन पर गिफ्ट दिया था।

दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी आफताब ने पहले तो श्रद्धा के सिर को अलग किया और फिर सिर से कैची से बाल काटे थे। इन बालों को काटकर उसने एक पैकेट में रखा था। पुलिस को ये पैकेट छत्तरपुर के जंगल में मिल गया था। इन बालों को डीएनए जांच के लिए भेजा गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार श्रद्धा के बालों का भी डीएनए भी मिल गया है। डीएनए मिलान उसके पिता व भाई से किया गया था। इससे पहले श्रद्धा की हड्डियों व खून का डीएनए मिलान भी हो गया है।

# दुनियां की सबसे बड़ी परमाणु शक्ति हासिल करना उत्तर कोरिया का लक्ष्य, तानाशाह किम जोंग उन ने दी धमकी

**सियोल ,एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके देश का अंतिम लक्ष्य दुनिया की सबसे शक्तिशाली परमाणु शक्ति हासिल करना है। बता दें कि रविवार को स्टेट मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया की सबसे बड़ी बैलिस्टिक मिसाइल के हालिया प्रक्षेपण में शामिल दर्जनों सैन्य अधिकारियों को पदोन्नत किया है। राज्य मीडिया ने रविवार को ये जानकारी दी है।

किम ने कहा कि परमाणु बल का निर्माण राज्य और लोगों की गरिमा और संप्रभुता की मजबूती से रक्षा करने के लिए है, और इसका अंतिम लक्ष्य दुनिया की सबसे शक्तिशाली सामरिक शक्ति बनना है। किम जोंग ने ह्वासोंग-17 को दुनिया का सबसे मजबूत सामरिक हथियार कहा और कहा कि यह उत्तर कोरिया के संकल्प और अंततरू दुनिया की सबसे मजबूत सेना बनाने की क्षमता का प्रदर्शन करता है।

किम ने कहा कि उत्तर कोरिया के वैज्ञानिकों ने बैलिस्टिक मिसाइलों पर परमाणु हथियार लगाने की तकनीक के विकास में एक अद्भुत छलांग लगाई है। परीक्षण में शामिल वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, सैन्य अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हुए किम ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि वे असाधारण रूप से तेज गति से देश के परमाणु निवारक का विस्तार और मजबूत करना जारी रखेंगे। उन कार्यकर्ताओं ने सत्तारूढ़ दल के प्रति निष्ठा और विश्वास की शपथ ली, पार्टी और किम के पूर्ण अधिकार की रक्षा करने की कसम खाई और यह प्रण लिया कि हमारी मिसाइलें केवल उनके द्वारा बताए गए दिशा में सख्ती से उड़ेंगी।

केसीएनए ने कहा कि ह्वास-ोंग-17 आईसीबीएम के प्रक्षेपण की पुष्टि उत्तर ने की थी। यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाली रक्षा तैयारी की रणनीति का हिस्सा था। उत्तर कोरिया का कहना है कि इसका मकसद सबसे शक्तिशाली और पूर्ण परमाणु प्रतिरोध तैयार करना है। एजेंसी ने दावा किया कि यह मिसाइल दुनिया में सबसे मजबूत सामरिक हथियार है।

मिसाइल ने करीब 69 मिनट में करीब 1,000 किलोमीटर की उड़ान भरी और 6,041 किलोमीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची।इसे इसके आकार के कारण शराक्षस मिसाइल कहा जाता है। यह मिसाइल कई हथियार ले जाने में सक्षम है। यह करीब 15,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। इसकी जद में अमेरिका भी आता है।

अपनी बेटी और पत्नी के साथ मिसाइल परीक्षण स्थल पर पहुंचे उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की शत्रुतापूर्ण नीति को देखते हुए वे अपने देश की सुरक्षा के लिए परमाणु प्रतिरोध मजबूत करने को मजबूर हुए हैं। इस मौके पर किम ने एलान किया कि यदि दुश्मन धमकी देना जारी रखते हैं, तो हमारी पार्टी और सरकार परमाणु हथियारों का जवाब उसी अंदाज में देगी। उधर, उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण में ह्वासोंग-17 आईसीबीएम शामिल थी। यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल 3 नवंबर को किए गए परीक्षण में विफल हो गई थी।

00

## भाजपा ने जारी किया दिल्ली का लडका क्रिएटिव जो सबको बताएगा दिल्ली की सच्चाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली भाजपा की नगर निगम चुनाव कमिटी के प्रमुख आशीष सूद ने आज एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से ज्दिल्ली वाला लडकाज् नाम का क्रिएटिव लन्च किया। सूद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पेड कैम्पैन के जवाब में भाजपा का यह क्रिएटिव कैम्पैन कार्टून है जो कि सभी दिल्लीवासियों को इस दिल्ली में पिछले आठ सालों में क्या हुआ है, उसका परिचय कराएगा। केजरीवाल सरकार के आठ सालों के निष्क्रिय एवं भ्रष्ट कार्यकाल का गवाह है यह दिल्ली का लडका। आशीष सूद ने कहा कि अपने खोखले प्रचार से केजरीवाल पिछले आठ सालों से दिल्ली की जनता को धोखा देते आये हैं। इस लडके ने यह भी देखा है कि दिल्ली के झुग्गी वासियों से किये वायदों के बावजूद केजरीवाल ने उन्हें सिर्फ धोखा दिया है ।

# अयोध्या के विकास के लिए नहीं होगी पैसे की कमी : योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या , एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या को दुनिया की सर्वोत्तम नगरी बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार काम रही है, अयोध्या आध्यात्मिक नगरी बनने के साथ ही भौतिक संसाधनों की भी उपलब्धता हो इसी को लेकर केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की अयोध्या में हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही है। अयोध्या में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। उक्त बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं का लोकार्पण व परियोजनायें जिसकी कुल लागत लगभग करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पणधशिलान्यास राजकीय इंटर कालेज में किया गया। जिसमें लोक निर्माण विभाग, दुग्ध विकास, परिवहन, संसति, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, ग्राअवि, गृह, धर्मार्थ कार्य, ग्रामीण अभियंत्रण, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन आदि विभाग की परियोजनायें शामिल है। उक्त परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड- की व प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इसी तरह आवास एवं शहरी नियोजन की , पर्यटन की परियोजनायें, परिवहन की , संसति की , दुग्ध विकास की , ग्रामीण अभियंत्रण की परियोजनायें शामिल है।सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज साथ अयोध्या को करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ ही अयोध्या के प्रबुद्वजनों के साथ इस संवाद का कार्यक्रम हो रहा है।

# अब समलैंगिक पुरुष करना चाहते हैं शादी, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक की शादी को कानूनी मान्यता देने की गुहार वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले में अटर्नी जनरल से भी जवाब मांगा है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में दो पीआईएल च्समलैंगिक कपलज् की ओर से दाखिल किया गया है। गुहार लगाई गई है कि स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत समलैंगिक की शादी को मान्यता दी जाए। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने इस मामले में नोटिस जारी कर सरकार और अटर्नी जनरल से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। एक याची कपल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि नवतेज सिंह जोहर और पुत्तास्वामी जजमेंट आ चुका है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है और दूसरे फैसले में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया है।

## मिस्र के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि, साल बाद कोई विदेशी मेहमान होगा शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य तिथि होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।बता दें, दोनों देशों ने इसी साल राजनयिक संबंधों की वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात की थी।इससे पहले, में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था।

# एमसीडी में केजरीवाल की सरकार आने के बाद गायब होने वाला है कूड़ा का पहाड़ : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** दिल्ली एमसीडी चुनावों में आम आदमी पार्टी को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ट नेता व दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जनसंवादों में उमड़ी भीड़ इसका परिणाम है। मनीष सिसोदिया ने बादली और नरेला विधानसभा के काई वार्डो में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में लोगों से संवाद किया और जनता पिछले सालों से एमसीडी में भाजपा के कुशासन से जिन परेशानियों को झेल रही है उन्हें जाना। सिसोदिया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि इस बार जनता एमसीडी में भाजपा के नाकामी और कुशासन का अंत करने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट दे, एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बनाये और अपने वार्ड में केजरीवाल जी का पार्षद चुने। सिसोदिया ने कहा कि भलस्वा का कूड़े का पहाड़ भाजपा की एमसीडी में सालों की नाकामी का पहाड़ है। f

जस तरह पिछले सालों में एमसीडी में भाजपा का कुशासन बढ़ा ठीक उसी तरह इस कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई साल दर साल बढती ही गई लेकिन अब जनता निश्चिंत हो जाये और इस कूड़े के पहाड़ के साथ सेल्फी लेकर रख ले क्योंकि दिसम्बर के बाद एमसीडी में केजरीवाल की सरकार आ रही है और उसके बाद दिल्ली से न सिर्फ भलस्वा का कूड़े का पहाड़ बल्कि बाकि कूड़े के पहाड़ भी गायब होने वाले है।सिसोदिया ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल इंजिनियर है और उन्होंने दिल्ली से भाजपा के कूड़े और आसमान टुते कूड़े के पहाड़ों को खघ्त्म करने का पूरा प्लान बना रखा है। जनता इस बार एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बना रही है और सरकार बनने के तुरंत बाद से इन कूड़े के पहाड़ों को खघ्त्म करने का काम शुरू कर दिया जायेगा। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने पिछले सालों में एमसीडी में इतना ज्यादा भ्रष्टाचार मचा रखा है जिसकी कोई सीमा नहीं है। इन्होने व्यापारियों से उगाही की उनका व्यापार करना मुश्किल कर रखा है।

सम्पादकीय

## सीबीआई जांच पर अडिग

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड का पारा नीचे नहीं आ रहा है। पूरे प्रकरण की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के द्वारा की जा रही है लेकिन कहीं ना कहीं और एसआईटी की जांच पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ना केवल अलग-अलग संगठन और विपक्ष बल्कि स्वयं अंकिता के परिजन भी इस प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। सरकार की तरफ से आखिर क्यों इस दिशा में सीबीआई जांच की मुहर नहीं लगाई जा रही है यह फिलहाल समझ से परे है। यह पूरा प्रकरण उत्तराखंड की एक ऐसी ग्रामीण लड़की से जुड़ा हुआ है जो अपने परिवार का साथ देने के लिए रोजी-रोटी की तलाश में निकली थी। यहां उसकी मुलाकात या यह कहें कि संपर्क कुछ ऐसे लोगों से हुआ जो होटल का कारोबार करते थे। पीड़ित लड़की संपर्क में आई और उसे नौकरी मिल भी गई लेकिन नौकरी की शर्तें आने वाले समय में किस स्तर तक जा सकती थी, यह उसे तब पता लगा जब उसके आगे पेशकश रखी जाने लगी। स्वाभिमानी लड़की ने शरीर बेचने से मना किया तो होटल व्यवसाई उससे लड़ने लगे और धंधे में बाधा आते थे उसे मौत के घाट उतार दिया। लड़की ने इससे पहले सब अपने एक मित्र को बताया जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हर तरफ से प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच की मांग उड़ती रही लेकिन ना तो सरकार सीबीआई जांच को तैयार हुई और ना ही इस दिशा में कोई गंभीर नजर आई। अंकिता हत्याकांड के बाद जो भी घटनाक्रम तत्कालीन आरोपित भाजपा नेताओं के रिजर्ट्स में हुआ वह खुद में ही काफी अचंभित कर देने वाला था। रिजर्ट्स में तोड़फोड़ करने से लेकर फैक्ट्री में आग लगने पर सब कुछ बेहद नाटकीय ढंग से संपन्न हुआआरोप लगेगी सबूत मिटाने के लिए या सारे प्रपंच रचे गए ताकि राजनीतिक प्रभुत्व के धनी आरोपित केस को कमजोर कर सके। एसआईटी ने अभी तक इस प्रकरण में चार्ज शीट कोर्ट में दाखिल नहीं की है और जिस तरह से एसआईटी की जांच चल रही है उसके परिजन भी संतुष्ट नहीं है। सरकार और उत्तराखंड पुलिस ने इस प्रकरण को लेकर कई बड़े दावे और बयान जारी किए थे लेकिन केस की विवेचना की गति देखकर लगता नहीं कि जल्द इस दिशा में कोई बड़ा समाधान निकलने वाला है. शायद यही कारण है कि परिजन अब धरने पर बैठने को विवश है और केंद्रीय एजेंसी सीबीआई से पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। यदि मामले की जांच सीबीआई के पास जाती है तो यह राज्य पुलिस की कार्यशैली पर भी बड़े सवाल खड़े करेगी।

# भारत में हैं असीम संभावनाएं

प्रभात सिन्हा

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान-प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35-40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, ीआर्टफसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है।

प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढिया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालांकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी-20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है।

सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, अटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप-संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से

वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत-प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिजाइन लिंक्डइंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षो में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।



बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं।

वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है। जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है। भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डलर के पार पहुंच जाएगा।

वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत-प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिजाइन लिंक्डइंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षो में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का का-रोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

सेमीकंडक्टर की घरेलू आवश्यकता के साथ वैश्विक मांग में भी तेज वृद्धि हो रही है, जिसे भारत पूरा कर सकता है। इसके लिए वर्तमान क्षमता को बढ़ाकर एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। बहरहाल भारत को बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेमीकंडक्टर से संबंधित चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

पहला, सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार करना। दूसराय मानव संसाधन को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दक्ष बनाना। तीसराय बदलते भूमंडलीय समीकरण में विकसित देशों के साथ मिलकर देश में आधुनिक चिप निर्माण का शुरु आत करना और चौथारू जी20 के अध्यक्ष के तौर पर सेमीकंडक्टर व्यवसाय को मानव सभ्यता के हित में नियमित और नियंत्रित कर इसका गलत इस्तेमाल रोकना।

# प्रियंका का करिश्मा हिंदी पट्टी में

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। गुरुवार को



वे अपने पति और बच्चों के साथ राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुईं और बताया जा रहा है कि चार दिन तक वे भी पदयात्रा करेंगी। अब सवाल है कि आधी यात्रा बीत जाने के बाद क्यों प्रियंका को राहुल के साथ चलने के लिए उतारा गया? उनको दक्षिण भारत में जब यात्रा चल रही थी तब वहां क्यों नहीं भेजा गया था? आखिर सोनिया गांधी कर्नाटक में यात्रा में शामिल होने गई थीं और जिस तरह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए अहम है वैसे ही कर्नाटक का भी महत्व है। यह चर्चा भी हुई थी कि प्रियंका भी मांड्या में यात्रा ज्वाइन करेंगी। लेकिन वे वहां नहीं गईं और मध्य प्रदेश में यात्रा में शामिल हुई हैं।

असल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और यात्रा को संयोजन कर नेताओं को लग रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पहचान हिंदी पट्टी में ज्यादा है। दक्षिण भारत में उन्होंने काम नहीं किया है, जबकि सोनिया और राहुल गांधी वहां ज्यादा सक्रिय रहे हैं। इस सोच के साथ प्रियंका को बचा कर रखा गया था। वे मध्य प्रदेश से यात्रा में शामिल हुई हैं, जहां अगले साल चुनाव होने वाला है। इसके बाद संभव है कि हर राज्य की यात्रा में वे थोड़ी देर के लिए शामिल हों। उत्तर प्रदेश में यात्रा बहुत थोड़े समय के लिए जानी है। इसके बावजूद वे वहां भी पदयात्रा कर सकती हैं। ध्यान रहे वे उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में हो सकता है कि यात्रा का उनका कार्यक्रम बने। परंतु गुजरात के विधानसभा चुनाव में वे प्रचार के लिए नहीं गई हैं और जाने का कार्यक्रम भी नहीं है।

# ना जवाबदेही, ना कार्रवाई !

क्या कैदियों की इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल में मिल रही सुविधाओं के वीडियो ने एक बार इस देश में खास और आम लोगों की हैसियत में फर्क का अहसास कराया है। हैरतअंगेज यह है कि इन वीडियो के चर्चित होने के बावजूद ना तो उन सुविधाओं को रुकवाने की कोई पहल हुई है, ना ही इन सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के मामले में जवाबदेही तय हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने जेल में फल और सलाद खाते हुए कथित फुटेज जारी किया है। इससे पहले वह जैन की मसाज का वीडियो भी जारी कर चुकी है। उसका आरोप लगाया है कि जैन जेल में रहते हुए वीआईपी सुविधा पा रहे हैं। लेकिन क्या केंद्र में सत्ताधारी पार्टी की जिम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? दिल्ली प्रशासन उप-राज्यपाल की प्रमुख भूमिका है।

आम तौर पर उप-राज्यपाल और अरविंद केजरीवाल सरकार एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले दिखते हैं। लेकिन इस मामले में उप-राज्यपाल या उनके माध्यम से केंद्र सरकार का कोई पहल ना करना आश्चर्यजनक है।

जहां तक केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी का संबंध है, तो ये भ्रम अब किसी को नहीं बचा है कि उनका सचमुच आम आदमी से कोई जुड़ाव है। वैसे में वे भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए अपने नेता को नियमों की अनदेखी कर जेल में सुख-सुविधाएं मुहैया करवा रहे हों, तो उसमें किसी को हैरत नहीं होगी। जैन पिछले पांच महीनों से मनी लन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। मीडिया में तिहाड़ के सूत्रों के हवाले से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जैन तिहाड़ की जेल नंबर-7 की एक सेल में अकेले बंद हैं। उन्हें दिए गए अतिरिक्त तकिए, कुर्सी और अन्य कैदियों से मिलने पर रोक लगा दी गई है।

जबकि जारी वीडियो से कुछ अलग कहानी सामने आई है। अब जैन को मिल रही कथित सुविधाओं की आम कैदियों के हाल से तुलना कीजिए। या भीमा कोरेगांव मामले में जेल गए दिवंगत फादर स्टेन स्वामी या अन्य व्यक्तियों की मिसालों पर ध्यान दीजिए। क्या इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

# माइग्रेन से लेकर साइनस तक, जानें क्या है विभिन्न प्रकार के सिरदर्द में अंतर

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है। यह कई तरह के होते हैं और हर एक के अपने कारण, लक्षण और उपचार के विकल्प भी मौजूद हैं। सिरदर्द माथे से शुरू होकर कान और गर्दन के किनारे और सिर के ऊपरी हिस्से तक अनुभव किया जा सकता है। सभी सिरदर्द जटिलता, तीव्रता और आवृत्ति के संदर्भ में अलग होते हैं। आइए आज हम आपको पांच अलग-अलग तरह के सिरदर्द के बारे में बताते हैं।

**माइग्रेन**

माइग्रेन में सिर में बहुत तेज दर्द होता है और इसकी तीव्रता भी अधिक होती है। इसमें जल्दी आराम नहीं मिलता है और कभी-कभी यह कई दिनों तक होता है। खाना नहीं खाने से या बहुत ज्यादा तनाव लेने की वजह से आपको माइग्रेन का सिरदर्द हो सकता है। इसमें लोग अपने सिर के किनारों में दर्द महसूस करते हैं और इलाज के लिए दवा पर भरोसा करते हैं। हालांकि इसका कोई ठोस इलाज नहीं है।

**तनाव से होने वाला सिरदर्द**

घर और अफिस की जिम्मेदारियों की वजह से आजकल हमारा रुटीन ऐसा हो गया है कि हर वक्त तनाव बना रहता है। इसके कारण अक्सर सिर में दर्द होता है। यह दर्द गर्दन और कंधों में तनाव के कारण भी हो सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में यह लंबे समय तक नहीं रहेगा। तनाव से होने वाला सिरदर्द गर्दन के पीटे और किनारों की तरफ मध्यम तीव्रता तक का होता है। इससे राहत पाने के लिए मेडिटेशन बढिया विकल्प है।

**क्लस्टर सिरदर्द**

क्लस्टर सिरदर्द बेहद गंभीर सिरदर्द होता है। इसमें लगातार आंखों के आसपास दर्द और जलन महसूस किया जा सकता है, जिससे आसानी से राहत नहीं मिलती है। यह सिरदर्द इतना तीव्र और भयंकर होता है कि आपका बैठना भी मुश्किल हो जाता है और अन्य असुविधा होती हैं। इससे राहत पाने के लिए आप दवाएं ले सकते हैं जो स्थिति को अधिक सहने योग्य बनाने में मदद करती हैं।

**साइनस का सिरदर्द**

साइनस एक ऐसी समस्या है जिसमें व्यक्ति की नाक बंद हो जाती है। यह स्थिति एलर्जी, मौसम में बदलाव और ज्यादा ठंडे मौसम के कारण होती है। इसके कारण नाक से पानी आना, सिरदर्द, गले और आंखों में दर्द और आधे सिर में दर्द होने जैसी समस्याएं होती हैं। साइनस के दर्द में आप खुद को थका हुआ भी महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में सिरदर्द से राहत पाने के लिए आपको डक्टर को जरूर दिखाना चाहिए।

**मेहनत से होने वाला सिरदर्द**

जब आप कोई मेहनत भरा काम या भारी शारीरिक एक्सरसाइज करने के बाद थक जाते हैं तो आपको जो सिरदर्द महसूस होता है, वह मेहनत से होने वाला सिरदर्द है। कई बार शरीर पर अचानक से तनाव आ जाने पर भी यह दर्द महसूस होता है। यह सिरदर्द घंटों तक रहता है और कभी-कभी कुछ दिनों तक भी चलता रहता है। इसमें गर्दन और सिर के एक या दोनों तरफ दर्द होता है।

# जांच एजेंसियों की निष्पक्षता

विनीत नारायण

बैंकों का धन लूटकर विदेशों में धन शोधन करने वाले बड़े औद्योगिक घरानों की जांच को लेकर एजेंसियां आए दिन विवादों में घिरी रहती हैं।

भगोड़े वित्तीय अपराधियों को सलाखों के पीटे भेजने में देश की बड़ी जांच एजेंसियां विफल रही हैं। ऐसी नाकामी के कारण जांच एजेंसियों पर चुनिंदा आरोपितों के खिलाफ ही कार्रवाई करने के आरोप भी लगते रहे हैं।

पिछले दिनों कानपुर की रोटोमैक पेन कंपनी के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 750 करोड़ रु पये से अधिक के बैंक फ्रड का मामला दर्ज किया। इस कंपनी पर आरोप है कि इसने कई बैंकों से ा ण लेकर नहीं लौटाए। रिपोर्ट के अनुसार, 7 बैंकों के समूह के लगभग 2919 करोड़ रुपये इस कंपनी पर बकाया हैं। गौरतलब है कि बैंक फ्रड का यह मामला नया नहीं है। बैंक को चूना लगाने वाली यह कंपनी जून, 2016 में ही नन-परफर्मिग असेट्स (एनपीए) घोषित कर दी गई थी। छह साल बाद 2022 में जब सीबीआई ने इस कंपनी पर कार्रवाई शुरू की तब तक कंपनी के कर्ताधर्ता विक्रम कोठारी का निधन हो चुका था। जांच और कार्रवाई में देरी के कारण बैंकों को करोड़ों का चूना लग चुका था। देश में कोठारी जैसे अनेक लोग हैं, जो बैंक से लोन लेते हैं। यदि वो छोटे-मोटे लोन लेने वाले व्यापारी होते हैं, तो उनके खिलाफ बहुत जल्द कड़ी कार्रवाई की जाती है परंतु आम तौर पर देखा गया है कि बैंकों के धन की बड़ी चोरी करने वाले आसानी से जांच एजेंसियों के हत्थे नहीं चढ़ते। कारण बैंक अधिकारी और व्यापारी की सांठ-गांठ होता है।

ा ण लेने वाला व्यापारी बैंक के अधिकारी को मोटी रित के भार के तले दबा कर अपना काम करा लेता है, और किसी को कानों-कान खबर नहीं होती। जब ा ण और उस पर ब्याज मिला कर रकम बहुत बड़ी हो जाती है, तो तेजी से कार्रवाई करने का नाटक किया जाता है। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। रोटोमैक कांड के आरोपियों की सूची में कानपुर का एक और समूह है, जिस पर जांच एजेंसियों की कड़ी नजर नहीं पड़ी। आरोप है कि इस समूह ने विभिन्न बैंकों के साथ सात हजार करोड़ से अधिक रुपये का घोटाला किया है। फर्जी कंपनियों का जाल बिछा कर बैंकों के साथ धोखा किया है।

इस समूह के मुख्य आरोपियों उदय देसाई और सरल वर्मा-जिनकी कंपनियां हैं एफटीए एचएसआरपी सोल्यूशन प्रा. लि. और एग्रोस इम्पेक्स इंडिया लि.-रोटोमैक कांड के सह-अभियुक्त भी हैं। इनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। लेकिन कोविड और स्वास्थ्य कारणों के चलते इन्हें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जमानत दी गई। गौरतलब है कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) में इस समूह के खिलाफ 2019 के बाद से विभिन्न बैंक 8 एफआईआर लिखा चुके हैं परंतु वर्मा और देसाई बंधुओं पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उदय देसाई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में विदेश जाने की गुहार लगा कर एक याचिका दायर की। कोर्ट ने जुलाई, 2022 के अपने आदेश में याचिका रद्द करते हुए विशेष रूप से उल्लेख किया कि विभिन्न जांच एजेंसियों में लंबित अनेक गंभीर मामलों के बावजूद आरोपियों को एक ही बार पूछताछ के लिए बुलाया गया।

जांच एजेंसियों ने सघन जांच और पूछताछ की शुरुआत ही नहीं की। सोचने वाली बात है कि हजारों करोड़ के घोटाले के आरोपियों को एक ही बार बुलाकर जांच एजेंसियों को इत्मिनान हो गया कि आरोपियों को दोबारा पूछताछ के लिए नहीं बुलाना चाहिए? क्या एक ही बार में पूछताछ से जांच एजेंसियां संतुष्ट हो गई?

आरोपी एक ही बार में एजेंसियों के कड़े सवालों का संतोषजनक जवाब दे पाए? क्या जांच एजेंसियां आरोपियों से ऐसे ही केवल एक बार ही जांच और पूछताछ करती हैं? इन से कहीं छोटे मामलों में विपक्षी नेताओं या नामचीन लोगों के खिलाफ भी इन एजेंसियों का क्या यही रवैया रहता है? क्या इन आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति को जब्त किया गया? क्या इनकी बेनामी संपत्तियों तक ये एजेंसियां पहुंच पाई? सुशांत सिंह राजपूत की रहस्यमयी मृत्यु के बाद जिस तरह बलीवुड के सितारों को लगातार पूछताछ के लिए बुलाया गया था क्या वैसा कुछ इनके भी साथ हुआ? अगर नहीं तो क्यों नहीं? केंद्र में जो भी सरकार रही हो, उस पर जांच एजेंसियों के दुरु पयोग का आरोप लगता रहा है। मौजूदा सरकार पर विपक्ष द्वारा यह आरोप लगता रहा है कि वो कुछ चुनिंदा लोगों पर, अपने राजनैतिक प्रतीद्वंद्वियों या अपने विरुद्ध खबर छापने वाले मीडिया प्रतिष्ठानों के खिलाफ इन एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

जांच एजेंसियों में लंबित अन्य मामलों को छोड़ देसाई और वर्मा बंधुओं के मामले को ही लें तो यह बात सच साबित होती है। दिल्ली के श्कालचक्र समाचार ब्यूरो के प्रबंधकीय संपादक रजनीश कपूर को जब एफटीए एचएसआरपी सोल्यूशन प्रा. लि. और एग्रोस इम्पेक्स इंडिया लिक्र के घोटालों से संबंधित सभी दस्तावेज मिले तो उन्होंने इन आरोपों को सही पाया। कपूर ने 6 मई, 2022 को एजेंसियों को सप्रमाण पत्र लिख कर देसाई और वर्मा द्वारा किए गए हजारों करोड़ रु पये के घोटालों की जांच की मांग की थी। ऐसे में प्रमुख जांच एजेंसियां शक के घेरे में आ जाती हैं। इन एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा लगाए गए श्गलत इस्तेमाल के आरोप सही लगते हैं। मामला चाहे छोटे घोटाले का हो या बड़े घोटाले का, एक ही अपराध के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं?

यदि आम आदमी या किसान बैंक को ा ण चुकाने में असमर्थ होता है, तो बैंक की शिकायत पर पुलिस या एजेंसियां कड़ी कार्रवाई करती हैं। उसकी दयनीय दशा की परवाह न करके कुर्की तक कर डालती हैं परंतु बड़े घोटालेबाजों के साथ सख्ती क्यों नहीं बरती जाती? घोटालों की जांच कर रही एजेंसियों का निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है। एक जैसे अपराध पर, आरोपी का रुतबा देखे बिना, अगर एक समान का-र्रवाई होती है, तो जनता के बीच संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। सिद्धांत यह होना चाहिए कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो किसी भी विचारधारा या राजनैतिक दल का समर्थक क्यों न हो। कानून अपना काम कानून के दायरे में ही करेगा।

## स्किन को करना है रिपेयर तो घर पर बनाए ये नाइट क्रीम

अगर आप अच्छी और हेल्दी स्किन चाहती हैं तो उसके लिए यह ध्यान रखे कि नाइट क्रीम बहुत जरूरी होती है। जी हाँ और नाइट क्रीम का काम स्किन रिपेयरिंग के साथ डेड सेल को रिमूव कर न्यू सेल्स का निमार्ण करना होता है। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जो आपके स्किन को सभी आवश्यक पोषक प्रदान कर डीप लेयर तक जाए, साथ ही एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करे। वैसे आज के समय में बाजार में कई ब्रांड में प्रोफेशनल और एडवांस नाइटक्रीम उपलब्ध है लेकिन इसे घर पर भी तैयार किया जा सकता है। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं।एलोवेरा जेल नाइट क्रीम- एलोवेरा स्किन के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। यह नाइट क्रीम के तौर पर आपकी त्वचा को रात भर पोषण देगी। आप एलोवेरा में आमंड अयल और गुलाब जल आदि मिला कर नाइट क्रीम तैयार कर सकते हैं। जी हाँ और इस क्रीम का उपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप रात में अपना चेहरा धो लेने के बाद इसे लगाएं। नाइट क्रीम की थोड़ी मात्रा लें और इसे कम से कम 2 मिनट के लिए सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसको बनाने के लिए एलोवेरा जेल 2 से 3 टीस्पून, गुलाब जल 1 से 2 टीस्पून, बादाम का तेल 1 टीस्पून, लैवेंडर का तेल 7-8 बूंद ले लें।



सीएम धामी ने नई दिल्ली में सुना प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम हम सभी को प्रेरणा देता है। यह हम सभी देशवासियों को आपस में जोड़ने का प्रभावशाली माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है। पूरी दुनिया में उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की जाती है। उनके नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। एक दिसंबर से जी–20 की भारत अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित तौर पर विश्व कल्याण के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है।

## भैरव सेना ने किया संगठन का विस्तार

देहरादून। क्षेत्रीय संगठन भैरव सेना द्वारा रायपुर रोड स्थित प्राचीन काली माता मंदिर लाडपुर में विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से गौतम बाली को जिला अध्यक्ष शहर मनोनीत किया गया। संगठन का विस्तार करते हुए भैरव सेना से कई नए सदस्य भी जोड़े गए। मुख्य वक्ता भैरव सेना के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि 30 नवंबर को दो सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन द्वारा विधानसभा कूच किया जाएगा। लैंड जिहाद और लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने पर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष देहरादून जितेंद्र सिंह नेगी ने कहा की संगठन द्वारा प्रशासन से मंगलवार को सभी मांस की दुकानें बंद करने तथा दुकानों के बाहर झटका अथवा हलाल के मीट पर स्टिकर लगाने की मांग की जाएगी। जिला उपाध्यक्ष एवं विधि प्रमुख नवीन ममगाईं ने लव जिहाद तथा नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए लाडपुर, मालदेवता क्षेत्र में पुलिस की विशेष निगरानी रखने की मांग की।

# 57 शोधार्थियों ने प्रदर्शित किए शोध कार्य



ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिक्षण एवं वैज्ञानिक सम्मेलन हुआ। इसमें 57 प्रतिभागियों ने पोस्टर एवं ओरल प्रेजेंटेशन के जरिए शोध प्रदर्शित किए। रविवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय शिक्षण एवं वैज्ञानिक सम्मेलन के दूसरे दिन का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम डंगवाल ने किया। टैक्सास रियो ग्रैंड वैली विवि यूएसए के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनीष त्रिपाठी ने कोलोरेक्टल कैंसर की प्रगति एवं इसके रूप परिवर्तन के बारे में बताया। कहा कि कोलोरेक्टल कैंसर दुनिया भर में होने वाला तीसरा सबसे आम कैंसर है। प्रो. मोहम्मद सिकंदर ने कैंसर के क्षेत्र में अपने शोध कार्यों के बारे में बताया। टैक्सास रियो ग्रांडे वैली विवि की डॉ. शबनम तथा डॉ. अनुपम धस्माना ने अपने–अपने शोध कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद जापान से हाउ कैन तथा रेनू वाधवा ने फाइटोकेमिकल्स तथा एंटी स्ट्रेस एक्टिविटी पर शोध के बारे में बताया। राइंका तपोवन से आए राम आसरे सिंह ने चमत्कारों के पीछे के वैज्ञानिक तथ्यों को बताया। इस दौरान 57 प्रतिभागियों ने पोस्टर एवं ओरल प्रेजेंटेशन के जरिए अपने–अपने शोध कार्यों को प्रदर्शित किया। समापन अवसर पर सम्मेलन में आए वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जापान के डॉ. सी यांग, डॉ. महेंद्र गहलोत, डॉ. अभिषेक चौहान, प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सुभाष चौहान, डॉ. रुपेश आदि उपस्थित रहे।

# वन बीट अधिकारी संघ कालसी ने की बैठक



विकासनगर। वन बीट अधिकारी संघ कालसी की बैठक रविवार को तिमली वन विश्राम गृह में संपन्न हुई। बैठक में वन कर्मियों ने अधिकारियों द्वारा उनकी अनदेखी किए जाने पर नाराजगी जताई। वन बीट अधिकारी संघ की अध्यक्ष निधि सिंह ने कहा कि दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके वन आरक्षियों को एसीपी का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

जबकि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से पत्राचार किया जा चुका है। वन आरक्षियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभागीय वनाधिकारी से मिलकर भी इस संबंध में जल्द कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अधिकारी वन आरक्षियों की अनदेखी कर रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक वन आरक्षियों को गरम वर्दी मुहैया नहीं कराई गई है, जिससे रात्रिकालीन गश्त के दौरान उन्हें कड़ाके की ठंड से परेशान होना पड़ता है। सचिव राजेश कुमार ने कहा कि आरक्षियों को आवास भत्ता नहीं दिया जा रहा है।

## डेढ़ लाख का जुर्माना, सात वाहन जब्त

ऋषिकेश। पुलिस ने क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 15 मकान मालिकों के खिलाफ एक लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

जबकि, चेकिंग में संदिग्ध मिले छह दोपहिया वाहन और एक कार भी जब्त की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश शाह ने बताया कि चेकिंग में स्थानीय लोगों को किरायेदारों के सत्यापन के प्रति जागरूक भी किया गया। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील भी की।

# वार्ड के लोगों को बांके बिहारी के दर्शन कराकर पार्षद ने निभाया चुनाव के समय किया वादा



हरिद्वार। चुनाव के दौरान लोगों से किए वादे को निभाते हुए नगर निगम के वार्ड 23 रामनगर की पार्षद रेनू अरोड़ा ने क्षेत्र के 40 लोगों को बांके बिहारी के दर्शन कराए। पार्षद रेनू अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने चुनाव में सहयोग करने वाले 40 लोगों से बांके बिहारी के दर्शन कराने का वायदा किया था। चुनाव जीतने के बाद पहला साल निगम की व्यवस्था को समझने में लग गया। इसके बाद 2 साल कोविड की वजह से नहीं जा पाए। लेकिन 2022 में बिहारी जी की कृपा वार्ड के 40 लोगों सहित हरिद्वार, रूड़की व देहरादून 130 लोगों के श्री बांके बिहारी लाल के दर्शन के इलावा बरसाने की राधा रानी, मथुरा में जन्म भूमि गोकुल में रमणरेती, गोवर्धन में परिक्रमा और जितने भी अन्य मंदिर है के दर्शन कराकर सभी परिवारों का आशीर्वाद लिया। जिसमें 40 लोगों के आने–जाने और 130 लोगों के रुकने की व्यवस्था उन्होंने स्वयं की। 4 दिन की धार्मिक यात्रा का सभी ने खूब आनंद उठाया। पार्षद रेनू अरोड़ा ने कहा कि बिहारी जी की इच्छा हुई तो हर साल वार्षिक उत्सव की तरह वृंदावन बांके बिहारी जी की यात्रा पर लोगों को ले जाएंगी।

# विधायक प्रीतम सिंह ने किया शरद महोत्सव का उद्घाटन




विकासनगर। जौनसार बावर उत्थान समिति की ओर से मिनी स्टेडियम वायाधार में रविवार से शरद महोत्सव की शुरुआत की गई। महोत्सव के तहत क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शरद महोत्सव का उद्घाटन चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है। लेकिन सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए कोई संसाधन मुहैया नहीं करा रही है। गांवों में बनी व्यायामशालाओं में भी उपकरण मुहैया नहीं कराए जा रहे हैं। कहा कि गांवों में खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देकर युवाओं को नशे की लत से दूर रखा जा सकता है। इसके साथ ही छोटे–छोटे गांवों के युवा भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। विधायक ने शरद महोत्सव में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों और कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी।

## शूटर अर्श, युवराज, उत्सव एवं शौर्य ने भारतीय टीम के ट्रायल के लिए किया क्वालीफाई

देहरादून। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में खेली जा रही 65 वीं 10 मीटर एयर राइफल पुरूष वर्ग में देहरादून की स्नाइपर शूटर अकादमी के 4 शूटरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आगामी जनवरी माह में होने वाले इंडियन टीम के ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तिरुवनंतपुरम में 20 नवंबर से 9 दिसंबर तक राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के शूटरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें स्नाइपर शूटिंग अकादमी के 4 शूटरों अर्श ठाकुर, युवराज सिंह पुंडीर, उत्सव विश्नोई एवं शौर्य सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडियन टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई करने में कामयाबी हासिल की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



विकासनगर। ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की बातों पर अमल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने को कहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के गठन के बाद से ही देशभर में कई ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण बड़ी संख्या में हुआ है। उत्तराखंड में चीन सीमा तक सड़कें बनाई गई हैं। जिससे सेना के साथ ही सीमांत क्षेत्रों में रहने वालों को भी बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी। देशभर में हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि विकासनगर विधानसभा में हिमाचल को जोड़ने वाले नावघाट पुल और जौनसार बावर के कोटा क्वानू में हिमाचल को जोड़ने वाले पुलों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की उपलब्धियां हर घर तक पहुंचायी जानी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चकराता विधान सभा में भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। कहा जा रहा भाजपा में गुटबाजी है और विधान सभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया।

# पंचायत लर्निंग सेंटर का मुआयना किया

नई टिहरी। ग्राम पंचायतों में विकास कामों सहित तमाम सुविधाओं से युक्त पंचायतों को विकसित करने के मकसद से माडल के रूप में नरेंद्रनगर की ग्राम पंचायत कोडारना को पंचायत लर्निंग सेंटर बनाया जा रहा है।

इसके अलावा जनपद में रौतु की बेली को लर्निंग सेंटर के रूप में विकिसत किया जायेगा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय पंचायत लर्निंग सेंटर विकसित करने का जनपदों में शुरू किया है।

नरेंद्रनगर की कोडराना ग्राम पंचायत में विकसित किये जा रहे पंचायत लर्निंग सेंटर का मुआयना करने को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय की निदेश-ाक मालती रावत और उत्तराखंड पंचायती राज विभाग के अपर सचिव ओंकार सिंह पहुंचे। कोडराना में पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, जिला पंचायत के एएमए संजय खण्डूरी सहित तमाम जिला पंचायत सदस्यों ने इनका स्वागत कर पंचातयों को सशक्त करने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण व जिपंस रघुवीर सजवाण ने बताया कि पंचायत लर्निंग सेंटर में माडल ग्राम की सभी सुविधाओं में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य, साफ–सफाई जैसी सुविधाओं दी जायेंगी, ताकि ग्राम पंचायत के विकास के लिए कोडराना को माडल के रूप में देखा जायेगा और प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों के ग्राम पंचायतों को इस तरह से गांवों को विकास करने की सीख देकर कामों करने के तरीकों को सिखाया जायेगा।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्यों में रघुवीर सिंह सजवाण, दयाल सिंह, बलवंत सिंह रावत, संयुक्त निदेशक पंचायती राज राजीव कुमार त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी संजय खण्डूरी, जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश शर्मा, बीडीसी सदस्य अनिल भट्ट, प्रधान सुनीता भट्ट, अभियंता सतीश त्रिपाठी सहित कोडराना के ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत

रुद्रप्रयाग। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में मुख्यालय में कांग्रेसियों ने एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाई। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण का बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। युवाओं ने बाइक रैली के माध्यम से गर्मजोशी से प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। गुलाबराय से पेट्रोल पंप तक निकाली गई रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि आज भाजपा के राज में जनता दुखी और परेशान है। एक ओर प्रदेश में यूकेएसएसएससी घपला, अंकित हत्याकांड और महंगाई का लेकर जनता में आक्रेश है। वहीं भाजपा अपने स्वाथी के लिए जनता को भूल गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी एकजुट हैं।

बुर्जुग, नौजवान पीढ़ी और मातृशक्ति बड़ी संख्या में कांग्रेस को मजबूत कर रही है। दोबारा कांग्रेस उसी मजबूती के साथ देश में काबिज होगी। कहा कि राहुल गांधी की यात्रा से पूरे देश में अलग संदेश गया है। जब–जब गांधी पैदल चला है, तब–तब कांग्रेस मजबूत हुई है। कहा कि आज देश सुरक्षित हाथों में नहीं है। इस मौके पर कहा कि बीजेपी के सिल्पिंग सेल से ही कांग्रेस हारती रही है। अब कार्यकर्ता जागरूक हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया गया है, जो पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें आइसोलेटे कर दिया गया है।

# स्कूल को कारगिल शहीद के नाम करने को लेकर प्रस्ताव पारित

रुद्रप्रयाग। कारगिल शहीद नायक सुनील दत्त काण्डपाल के नाम से राजकीय इण्टर कालेज काण्डई दशज्यूला का नाम किए जाने का प्रस्ताव दशज्यूला क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया। राइंका काण्डई की अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए बैंजी काण्डई निवासी नायक सुनील दत्त काण्डपाल के सर्वोच्च बलिदान को चिरकाल तक यादगार बनाने और युवाओं में देश भक्ति के जज्बे को मजबूत करने के लिए तत्कालीन सरकार द्वारा कारगिल शहीदों के नाम पर सार्वजनिक सम्पत्तियों का नाम रखने का शासनादेश जारी किया था। इसी कड़ी में एक वर्ष बाद सन् 2000 में विद्यालय के नाम को शहीद सुनील दत्त काण्डपाल राजकीय इण्टर कालेज काण्डई दशज्यूला किये जाने का शासनादेश तत्कालीन जिलाधिकारी रमाशंकर सिंह द्वारा जारी कर मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजा गया था। लेकिन 22 वर्ष बीतजाने के बाद भी विद्यालय का नाम शहीद के नाम न हो पाने से शहीद के परिजन सहित समस्त क्षेत्रवासी इसके लिये लडाई लड़ रहे थे। जानकारी देते हुए राइंका काण्डई के प्रधानाचार्य प्रेम लाल आर्य ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में विद्यालय के नाम पर चर्चा के लिए पीटीए की बैठक आहुत की गयी थी, जिसमें दशज्यूला क्षेत्र के विभिन्न गावों से उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने एकमत होकर प्रस्ताव पास किया। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा रहा है। इस मौके पर शहीद की माता श्रीमती सुलोचना देवी एवं भाई कमलकांत काण्डपाल व दींघायु काण्डपाल ने कहा कि पूर्व में विद्यालय के गेट पर शहीद सुनील दत्त काण्डपाल का नाम लिखा गया था,

# डा.भीमराव अंबेडकर भवन में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

हरिद्वार। डा.भीमराव अंबेडकर भवन बीएचएल हरिद्वार में संविधान दिवस से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य सुमेर चंद रवि, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सीडीओ दिलीप चंद एवं विशिष्ट अतिथि वन विभाग के पर्सनल आफिसर शीशपाल सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथी सुमेर चंद रवि ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान का प्रारूप सरकार को सौंपा गया थ। डा.भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया भारत का संविधान में देश के विकास के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उपक्रम लगाने का प्रावधान रखा गया। जिसमें अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण मिलता है। सरकारी उपक्रमों में सम्मानजनक रोजगार मिलने से उनके परिवारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। संविधान में की गयी व्यवस्था के तहत देश उद्योग धंधों की स्थापना की गयी एवं बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर आम लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए प्रयास शुरू किए गए। सरकारी उपक्रमों में देश के नौजवानों को रोजगार मिला। देश उन्नति की और अग्रसर हुआ। सुमेर चंद रवि ने कहा संविधान में महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने की भी व्यवस्था की गयी। पूर्व सीडीओ दिलीप चंद आर्य ने कहा कि समाज को कुरीतियों से बचाने के लिए बेटियों का शिक्षित होना जरूरी है। शीशपाल सिंह ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार



किया गया भारत का संविधान पूरे विश्व में अद्वितीय है। संविधान में समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए व्यवस्था की गयी है। आज संविधान के कई अनुच्छेदों को समाप्त करने का प्रावधान किया जा रहा है। प्रमोशन में आरक्षण समाप्त कर दिया गया है। नई भर्ती नहीं की जा रही है। सरकारी उपक्रमों को बंद किया जा रहा है। नौकरियां कम होती जा रही है। डा.भीमराव अंबेडकर भवन बीएचएल के अध्यक्ष अशोक कुमार कटारिया ने कहा कि बीएचएल के अधिकारी कर्मचारी मिलकर डा.भीमराव अंबेडकर के मिशन को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके तहत जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आश्रम पद्धति स्कूल, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय एवं मिलिट्री के स्कूलों में प्रवेश के लिए अभी कथा चार व पांच के बच्चों को फ्री कोचिंग करायी जा रही है। आईटीआई, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट के छात्रों को भी फ्री कोचिंग दी जा रही है।

# सूर्यकुमार यादव ही नहीं संजू सैमसन भी दूसरे वनडे में ग्राउंड स्टाफ की कुछ ऐसे मदद करते आए नजर



नई दिल्ली, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं खेला जा सका और इसे बीच में ही रद करना पड़ा। हालांकि भारतीय टीम को कुछ ओवर्स बल्लेबाजी करने का मौका मिला, लेकिन लगातार हो रही बारिश की वजह से मैच को रद कर दिया गया। इस मैच में भारतीय प्लेइंग इलेवन में संजू सैमसन को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन दूसरे मैच के दौरान उन्होंने मैदान पर जो काम किया सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। संजू सैमसन बेशक दूसरे वनडे के लिए भारतीय अंतिम ग्यारह का हिस्सा नहीं थे, लेकिन इसका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और वो बारिश के कारण मैच बाधित होने पर सेडन पार्क में ग्राउंड स्टाफ की मदद करते देखे गए।हैमिल्टन के ग्राउंड स्टाफ बारिश के ब्रेक के बाद खेल को फिर से शुरू करने के लिए अथक प्रयास कर रहे थे और तभी संजू सैमसन उनकी मदद करने के लिए आगे आए और इसका वीडियो राजस्थान रायल्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया। यही नहीं भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी ग्राउंड स्टाफ की मदद करते हुए नजर आए और उनके साथ उन्होंने बातचीत भी की। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि ग्राउंड स्टाफ को सूर्यकुमार यादव से कुछ सहायता मिली।



# डोसा बनाते दिखे इरफान पठान और सुरेश रैना



नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना आज 36 साल के हो गए।

रैना का जन्म 27 नवंबर 1986 को हुआ था। सुरेश रैना को मिस्टर आइपीएल के नाम से भी जाना जाता है। रैना भारत के लिए वनडे, टेस्ट और टी20 में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। रैना को धोनी के सबसे खास दोस्तों में से एक माना जाता है। दोनों ने एक ही दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की थी रैना के बर्थडे पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। इरफान पठान ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें रैना और इरफान दोनों डोसा बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**फैंस ने लिखा— सिर्फ बनाया होगा खाया नहीं होगा**

इरफान ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मेरे प्यारे दोस्त और मस्ती करने वाले लड़के रैना को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। चल भाई डासा खिलाऊं तुझे।" वीडियो पोस्ट होते ही वायरल हो गया।

फैंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए सुरेश रैना को जन्मदिन की बधाई दी है। एक फैंस ने लिखा, "एक डोसा इधर भी सर जी।" वहीं एक फैंस ने लिखा, सिर्फ बनाया होगा खाया नहीं होगा।

# बांग्लादेश दौरे से पहले एक्शन में दिखे रोहित, नेट पर किया जमकर अभ्यास



नई दिल्ली, भारतीय टीम 4 दिसंबर को बांग्लादेश दौरे की शुरुआत करेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज की तैयारी शुरू कर दी है। रोहित ने हाल ही में अपने इंटेंस ट्रेनिंग सेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में भारतीय कप्तान को बांग्लादेश दौरे से पहले नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा जा सकता है।भारत, रोहित शर्मा के नेतृत्व में बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला वनडे 4 दिसंबर को ढाका के शेर–ए–बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। वनडे और टेस्ट दोनों ही भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होने की उम्मीद हैं। क्योंकि अगले साल भारत में ही एकदिवसीय विश्वकप होने वाला है। वहीं टेस्ट में जीत से भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहुंचने भी मदद मिलेगी।

**आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ खेलते थे रोहित**

रोहित को आखिरी बार टी20 विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ हाई–वोल्टेज सेमीफाइनल मैच में देखा गया था। मुंबई में जन्मे बल्लेबाज ने उस खेल में 28 गेंदों पर 27 रन बनाए। भारत यह मुकाबला 10 विकेट से हार गया था और टी20 विश्वकप से बाहर हो गया था।

**टी20 विश्वकप में रहा था खराब प्रदर्शन**

रोहित और टीम इंडिया दोनों के लिए टी20 विश्वकप निराशाजनक रहा। छह मैच खेलने के बाद रोहित एक अर्धशतक के साथ सिर्फ 116 रन ही बना पाए।

## वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज का 72 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली, वेस्टइंडीज के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज डेविड मरे का 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के एक बयान के अनुसार, मरे का शुक्रवार रात निधन हो गया। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में कहा, "क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आज बारबाडोस और वेस्टइंडीज के पूर्व विकेटकीपर डेविड मरे का शुक्रवार रात निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। मरे वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी एवर्टन वीक्स के बेटे थे। मरे के बेटे रिकी होयटे ने विकेटकीपर–बल्लेबाज के रूप में बारबाडोस और वेस्टइंडीज 'ए' टीम का प्रतिनिधित्व किया है। मरे का वेस्टइंडीज के साथ पहला दौरा 1973 में इंग्लैंड का किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज की पुरुष टीम द्वारा खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया, जिसमें लांस गिब्स, रॉय फ्रेडरिक्स रोहन कन्हाई और क्लाइव लॉयड शामिल थे।

# बतौर ओपनर वनडे में भारत के लिए 10 पारी खेलने के बाद सबसे ज्यादा रन शुभमन गिल के नाम, सचिन छूटे पीछे



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और 50 रन की पारी खेली थी। गिल का शानदार फार्म दूसरे वनडे में भी दिखा और उन्होंने 42 गेंदों पर एक छक्का और चार चौकों की मदद से नाबाद 45 रन की पारी खेली। बारिश की वजह से रद किए गए एक मैच में गिल और अच्छा स्कोर कर सकते थे, लेकिन मैच खेला ही नहीं जा सका। अपनी इस पारी के दम पर शुभमन गिल ने वनडे में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया और सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया।

**शुभमन गिल ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा**

भारत की तरफ से बतौर ओपनर अपने वनडे क्रिकेट करियर के पहले 10 इनिंग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड अब शुभमन गिल के नाम पर दर्ज हो गया। शुभमन गिल ने भारत के लिए अब तक 10 पारियों में ओपनिंग की है और उन्होंने इस दौरान कुल 495 रन बनाए हैं।

वहीं इससे पहले ये रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर दर्ज था जिन्होंने बतौर ओपनर वनडे में भारत के लिए पहली 10 पारियों में कुल 478 रन बनाए थे। राहुल द्रविड़ का नाम इस लिस्ट में 463 रन से साथ तीसरे नंबर पर है जबकि 432 रन से साथ शिखर धवन चौथे जबकि 425 रन के साथ वीरेंद्र सहवाग पांचवें नंबर पर हैं।

## फिल्मी गपशप

# फोन भूत का बनेगा सीक्वल



गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फोन भूत शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म की रिलीज लंबे समय से टलती आ रही थी। फिल्म में कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। वहीं, जैकी श्रॉफ में फिल्म में विलेन का किरदार निभाया है। फिल्म के आखिर में निर्माताओं ने इसका सीक्वल बनाने की भी घोषणा कर दी है।

फिल्म फोन भूत में जैकी श्रॉफ ने तांत्रिक आत्माराम का किरदार निभाया है। आत्माराम ईशान और सिद्धांत के किरदार गुल्लू और मेजर को मारना चाहता है। फिल्म में आत्माराम बार–बार अपने भरोसेमंद साथी जॉनी दुश्मन का जिक्र करता है।

हालांकि, फिल्म में जॉनी को पर्दे पर एक भी बार नहीं दिखाया गया। फिल्म के आखिर में इसके सीक्वल की घोषणा की जाती है जो कि जॉनी पर आधारित होगी।यानी कि अगले भाग में जॉनी और गुल्लू–मेजर की टक्कर होगी।

दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। वेब सीरीज मिर्जापुर के निर्देशक गुरमीत सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने इसकी कहानी लिखी है। कोरोना महामारी के कारण इस प्रोजेक्ट को खत्म करने में देर होती रही और आखिरकार 4 नवंबर को यह फिल्म पर्दे पर रिलीज हो सकी। फिल्म के सीक्वल के रिलीज डेट की फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

फोन भूत दो दोस्तों, एक भूत और एक विलेन की कहानी है। फिल्म में ईशान और सिद्धांत के करिदारों को भूत दिखते हैं। इससे वो भूत पकडने का व्यापार फोन भूत शुरू करते हैं। इस व्यापार में उनकी मदद कैटरीना का किरदार रागिनी करती है। रागिनी खुद एक भूत है। वहीं, जैकी का किरदार एक तांत्रिक है, जो भूतों को मोक्ष दिलाने के नाम पर बोतल में बंद कर देता है। वह फोन भूत को भी खत्म करना चाहता है।

फोन भूत के अलावा इन कई चर्चित फिल्मों के सीक्वल की घोषणा हो चुकी है जिनका दर्शकों को इंतजार है। सितंबर में आई फिल्म ब्रह्मास्त्र के सीक्वल की घोषणा भी फिल्म के साथ की गई थी। अल्लू अर्जुन की चर्चित फिल्म पुष्पा 2 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू होने की खबर आई थी। वहीं 18 नवंबर को आ रही अजय देवगन की दृश्यम के सीक्वल का सभी को इंतजार है।




## इफ्फी में अपनी फिल्म लॉस्ट के प्रीमियर को लेकर बेहद खुश हैं पिया वाजपेयी

पिया वाजपेयी की आने वाली फिल्म लॉस्ट का प्रीमियर एशियन प्रीमियर गाला के लिए भारत के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगा।

गोवा में आयोजित भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल एशिया के सबसे बेस्ट फिल्म फेस्टिवल में से एक है। फिल्म में पिया वाजपेयी ने सबसे दमदार भूमिका निभाई है।

पिया वाजपेयी ने बताया कि मैं बेहद खुश हूं कि अलग फिल्म समारोहों में इस फिल्म का इतना जबरदस्त स्वागत हुआ, और मैं अब आईएफएफआई जैसे प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के भव्य प्रीमियर के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। आईएफएफआई में लॉस्ट का अनावरण करने के लिए एक अद्भुत मंच है। हमारे सभी प्रयास, प्रतीक्षा, रिलीज में देरी, सब कुछ इसका कारण है।

# विश्वक सेन की पैन इंडिया दस का धमकी फरवरी 2023 में रिलीज होगी



टॉलीवुड स्टार विश्वक सेन, जिन्होंने अपनी 2019 की फिल्म फलकनुमा दास के साथ एक लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी क्षमता साबित की, वह अपनी पैन–इंडिया फिल्म दस का धम्मकी का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। यह फिल्म फरवरी 2023 में तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी।

फिल्म एक्शन थ्रिलर के शेड्स के साथ एक रोम–कॉम है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जो गुरुवार को जारी किया गया था, विश्वक स्टाइलिश लेकिन रफ लुक में एक कान की बाली और एक घड़ी पहने हुए है। धमकी भरे अंदाज में अपनी भौंहों को ऊपर उठाना मानो किसी को धमकी (धमकी) दे रहे हो।

पेचीदा फर्स्ट–लुक पोस्टर इंगित करता है कि विश्वक सेन फिर से फिल्म में एक बड़े पैमाने पर और एक्शन से भरपूर किरदार निभा रहे हैं। वनमय क्रिएशन्स और विश्वकसेन सिनेमा बैनर के तहत कराटे राजू द्वारा निर्मित, फिल्म में निवेथा पेथुराज मुख्य भूमिका में हैं।प्रसन्ना कुमार बेजवाड़ा ने फिल्म के लिए संवाद प्रदान किए हैं।फिल्म की शूटिंग इन दिनों हैदराबाद में चल रही है। यूनिट के सूत्रों ने कहा कि इस सप्ताह के अंत तक पूरी उत्पादन औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी।

आरआरआर और हरि हारा वीरा मल्लू के लिए स्टंट कोरियोग्राफ करने वाले बल्गेरियाई फाइट मास्टर्स टोडर लाजारोव–जूजी ने फिल्म के क्लाइमेक्स फाइट को कोरियोग्राफ किया है।रामकृष्ण मास्टर, जो बिंबिसार का हिस्सा थे, ने एक एक्शन एपिसोड को कोरियोग्राफ किया और वेंकट मास्टर ने एक स्टाइलिश एक्शन ब्लॉक का पर्यवेक्षण किया।

# सिद्धार्थ और रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी



अब भले ही सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ जमा हो रही हो। बावजूद इसके कई फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने भी ओटीटी की राह पकड़ ली है। मतलब यह कि आप घर पर बैठे–बैठे इस फिल्म का आनंद ले पाएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं मिशन मजनू किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब दर्शकों के बीच आएगी।शेरशाह और थैंकगॉड के बाद सिद्धार्थ अब मिशन मजनू में दिखेंगे।फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अगले साल रिलीज होगी। निर्माताओं ने 18 जनवरी, 2023 को फिल्म दर्शकों के बीच लाने की योजना बनाई है। नेटफ्लिक्स जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करने वाला है। दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। पिछले साल नवंबर में सिद्धार्थ ने फिल्म से अपनी पहली झलक दर्शकों को दिखाई थी।बीते कुछ महीनों में बड़े सितारों की फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होने के बाद तमाम निर्माताओं ने अपनी फिल्मों की ओटीटी रिलीज का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। गोविंदा नाम मेरा से लेकर सेल्फी, फ्रेडी, टीकू वेड्स शेरू और खुफिया जैसी फिल्में ओटीटी पर आएंगी।मिशन मजनू की कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। यह फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म एक साहसिक जासूसी थ्रिलर होगी। फिल्म देश के ऐसे जांबाज सिपाहियों की कहानी सबके सामने लेकर आएगी, जो देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देते हैं, लेकिन उनकी कहानियां कभी किसी के सामने नहीं आतीं। फिल्म में रॉ एजेंट बन सिद्धार्थ ऐसी ही कहानी दर्शकों के लिए लेकर आएंगे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338